संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज ऊना, सोमवार, 03 अप्रैल 2023 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 91 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiuna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



गृह मंत्री अमित शाह बिहार के नवादा में जनता को संबोधित करते हुए।

# नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे बंदः शाह

## 2024 में बिहार सरकार गिर जाएगी, दंगाइयों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगेः गृह मंत्री अमित शाह



### नीतीश को दो टूक

**= 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार गिर जाएगी और हमारी सरकार आएगी, नीतीश बाबू को पीएम बनना है, तेजस्वी को सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**

**बिहार** में रामनवमी के बाद हुई हिंसा के बीच गृह मंत्री अमित शाह रविवार को नवादा पहुंचे। शाह हिसुआ में आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में आए थे। गृह मंत्री ने अपने 21 मिनट के भाषण में कहा कि नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार गिर जाएगी और हमारी सरकार आएगी। शाह ने हाल ही में पांच जिलों में हुई हिंसा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- मुझे सासाराम जाना था, लेकिन दुर्भाग्य है कि वहां लोग मारे जा रहे हैं। गोलियां चल रही हैं। इसलिए वहां नहीं जा सका, मैं वहां की जनता से यहीं से क्षमा मांगता हूं। लेकिन अगली बार वहां जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू को पीएम बनना है, तेजस्वी को सीएम बनना है। इनके बीच बिहार की जनता पिस रही है, लेकिन देश की जनता ने तय किया है कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाएंगे। इसलिए लालू आप ये भूल जाओ कि नीतीश कुमार आपके बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। शाह ने कहा कि लालू के बेटे ने नीतीश को सांप, पलटूराम और यहां तक की गिरगिट भी कह डाला, लेकिन नीतीश बाबू प्रधानमंत्री बनने के लिए उनके साथ चले गए।

**नीतीश-ललन बाबू के लिए दरवाजे बंदः** अमित शाह ने कहा- मैं एक बात स्पष्ट कर देता हूं कि 2024 लोकसभा के चुनाव परिणामों के बाद नीतीश बाबू और ललन बाबू को भाजपा में वापस नहीं लिया जाएगा।

### नीतीश बताएं, लालू ने बिहार को क्या दिया

**नीतीश** बाबू आपने अपने जीवन में कई पार्टियां बदली हैं, कई लोगों को धोखा दिया हैं लेकिन जिस यूपीए में लालू के साथ आप गए हैं, उसने बिहार को क्या दिया? 2009 से 2015 में बिहार को सिर्फ 50 हजार करोड़ रुपए का बजट केंद्र ने दिया था और 2014 से 2019 में मोदी ने 50 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 9 हजार करोड़ रुपये बिहार को देने का काम किया है।

### दंगाइयों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे : शाह



**आज** समग्र बिहार चिंता कर रहा हैङ्क बिहारशरीफ में आग लगी है, सासाराम में आग लगी है। 2024 में मोदी जी को पूर्ण बहुमत दीजिए और 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बनाइए... इन दंगा करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम भाजपा करेगी। सासाराम में धारा-144 को लेकर उहापोह की स्थिति बनी रही। धारा-144 की वजह से बीजेपी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 2 अप्रैल का कार्यक्रम कैंसिल करना पड़ा। इधर रोहतास के डीएम धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि जिले में कहीं भी धारा-144 लगाने का आदेश नहीं दिया गया है। एक वीडियो सामने आया था। जांच करने पर पता चला कि लोगों को हटाने के मकसद से पुलिसकर्मी ने अनाउंसमेंट कर धारा-144 लगने की बात कही थी।

## सावरकर के बलिदान को भुला नहीं सकतेः पवार

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**

**एनसीपी प्रमुख** शरद पवार ने वीडी सावरकर पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने नागपुर में एक प्रेस क्लब को संबोधित करते हुए कहा कि सावरकर के देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदान को कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता, लेकिन इसे राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बनाना चाहिए, खासकर तब जब देश में पहले से ही बहुत सारे मुद्दे हैं, जिनपर ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने राहुल के ब्रिटेन में कथित तौर पर भारत के खिलाफ दिए गए बयान का बचाव किया। शरद पवार का बयान ऐसे समय पर आया है, जब तीन दिन पहले कांग्रेस ने भरोसा दिलाया था कि पार्टी सावरकर के मुद्दे पर अब चूप रहेगी। ऐसे में अब एनसीपी प्रमुख का यह बयान कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है। बता दें कि सावरकर पर बयान को लेकर राहुल गांधी हमेशा भाजपा के निशाने पर रहते हैं। भाजपा उनके सम्मान में सावरकर गौरव यात्रा भी निकाल रही है।

## पेगासस जैसा नया स्पाईवेयर खरीदने की तैयारी में केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** सरकार पेगासस जैसा नया स्पाईवेयर तलाश रही है। पेगासस को अमेरिकी सरकार ब्लैकलिस्ट कर चुकी है और भारत में भी यह स्पाईवेयर विवादों में रह चुका है, ऐसे में सरकार पेगासस की प्रतिद्वंद्वी सॉफ्टवेयर कंपनियों से डील के बारे में बात रही है। ये सर्विलांस कंपनियां भारत सरकार के सामने बोली लगाने की तैयारी कर रही हैं। भारत के डिफेंस और इंटेलिजेंस अधिकारी पेगासस बनाने वाली कंपनी एनएसओ का ऐसा कोई कॉम्पटीटर खोज रहे हैं जो इतना चर्चा में न रहा हो। माना जा रहा है कि सरकार नए स्पाईवेयर के कॉन्ट्रैक्ट के लिए 12 करोड़ डॉलर (98 .6 करोड़ रुपए) तक खर्च करने को तैयार है। इसके लिए करीब 12 कंपनियां बोली लगा सकती हैं।

## 24 घंटे में कोरोना के 3824 केस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पिछले** 24 घंटे में देश में कोरोना के 3 हजार 824 नए केस दर्ज किए गए हैं। यह पिछले 184 दिन यानी 6 महीने में सबसे ज्यादा हैं। इसके साथ ही एक्टिव केसेस की संख्या भी बढ़कर 18 हजार 389 हो गई। इस बीच, वायरस से 5 लोगों की जान भी गई है। देश में मौतों की संख्या बढ़कर 5 .30 लाख से ज्यादा हो गई है। वहीं संक्रमित लोगों का आंकड़ा कुल 4 .47 करोड़ को पार कर गया है। हेल्थ मिनिस्ट्री के बुलेटिन के मुताबिक, 2 हजार 994 केस मिले थे। वहीं पिछले 24 घंटों की बात करें तो एक्टिव केस फिलहाल कुल संक्रमण का 0 .04% है। डेली पॉजीटिविटी रेट 2 .87% दर्ज किया गया है। जबकि, वीकली रेट 2 .24% है। अब तक देशभर में 4 .41 करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। जबकि मृत्यु दर 1 .19% दर्ज की गई।

दिल्ली में 416 नए केस दर्ज किए गए : दिल्ली में भी कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 416 नए केस दर्ज किए गए। यह पिछले 7 महीनों में सबसे ज्यादा है। जबकि पॉजीटिविटी रेट 14 .37% है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है। दिल्ली में कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या अब 26 हजार 529 है। देश में मिल रहे डेली केस में 90% हिस्सेदारी 10 राज्यों की है। केरल में 884, महाराष्ट्र में 669, दिल्ली में 416, गुजरात में 372, हिमाचल में 354, कर्नाटक में 247 केस आए हैं।

## बिहारः 5 जिलों में हिंसा, 125 गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार के** पांच जिलों में रामनवमी की शोभायात्रा के बाद हिंसा जारी है। नालंदा के बिहार शरीफ और सासाराम में दो दिन से फायरिंग और बमबाजी हो रही है। नालंदा में गोली लगने से एक की मौत हुई है। दोनों जगहों पर 38 लोग घायल हैं। भागलपुर और गया में भी विवाद हुआ है। मुंगेर में भी शनिवार की रात मूर्ति विसर्जन को लेकर दो गुटों में मारपीट और पथराव हुआ। अब तक 125 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पैरा मिलिट्री की 10 कंपनियां प्रभावित जिलों में भेजी गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा के बारे में राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से फोन पर बात की। रोहतास डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अफवाह रोकने के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर- 06184-222013, 06184-222014 और 06184-226093 है। बिहार शरीफ में डीएम-एशपी ने सभी 51 वार्ड के वार्ड पार्षदों के साथ बैठक की। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अब हिंदुओं के लिए स्वतंत्र रूप से पूजा-पाठ और जुलूस निकालना मुश्किल हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। सासाराम में रविवार को गृह मंत्री अमित शाह की सभा रद्द करनी पड़ी है। यहां 5 आईपीएस अफसरों की तैनाती की गई है।

**सासारामः दूसरे दिन भी बमबाजी, 25 लोग गिरफ्तारः** रोहतास के जिला मुख्यालय सासाराम के सफ्फुलागंज इलाके में शनिवार शाम को एक बार फिर बम फेंके गए। पुलिस ने घरों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इसमें 8 और लोगों को हिरासत में लिया गया।

## अब जलगांव में हिंसाः 12 लोग गिरफ्तार

**जलगांवः** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के बाद अब जलगांव में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प होने की खबर है। इसके चलते इलाके में तनावपूर्ण के हालात बने हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात को कुछ आसामाजिक तत्वों ने मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी थी, जिसके बाद दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और हालात को काबू में किया।

## भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबराईः थरूर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** 2024 में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों के एकजुट होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि अगर वह पार्टी नेतृत्व में होते तो छोटे दलों को आगे लाते, ताकि बीजेपी को हराया जा सके। थरुर ने कहा कि लोकसभा से राहुल को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विपक्षी एकता की लहर आई है। यह लहर चौंकाने वाली है। विपक्षी दलों को समझ आने लगा है कि एकता मजबूत बनाती है और फूट हमें कमजोर करती है।

### निशाना साधा

**= अगर वह पार्टी नेतृत्व में होते तो छोटे दलों को आगे लाते, ताकि बीजेपी को हराया जा सकेः कांग्रेस सांसद शशि थरूर**

**विपक्षी दल साथ आए तो भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर पाएगीः** थरुर ने कहा कि 2024 में अगर अधिकांश विपक्षी दल एक साथ आ जाते हैं और एक-दूसरे के वोटों को आपस में नहीं बांटते तो भाजपा के लिए बुरी खबर हो सकती है। इस फार्मूले से बीजेपी को 2024 के चुनावों में बहुमत हासिल करना कठिन होगा।

## राहुल 2 साल सजा के खिलाफ आज सूरत कोर्ट जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**

**'सभी** चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में सूरत कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी करार दिया था। ठीक दूसरे दिन यानी 24 मार्च को राहुल की लोकसभा सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी। अब 11 दिन बाद राहुल इस फैसले के खिलाफ सूरत की सेशन कोर्ट में याचिका लगाने वाले हैं। कांग्रेस सूत्रों के हवाले से कहा कि राहुल की लीगल टीम 3 अप्रैल को कोर्ट जाएगी। 23 मार्च को कोर्ट ने राहुल की मौजूदगी में उन्हें 2 साल जेल की सजा और 15 हजार जुर्माना लगाया था।









# मुख्यमंत्री ने एचपीपीटीसीएल को निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीटीसीएल) की ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। शनिवार देर सायं यहां आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉरपोरेशन अपनी टेंडर प्रक्रिया की अवधि को कम कर निर्माण कार्य में तेजी लाये ताकि राज्य को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके और लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्व में बढ़ौतरी के लिए एक तकनीकी कमेटी का गठन किया जाएगा, जो एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है तथा वर्तमान राज्य सरकार संसाधन बढ़ाने की दिशा में अनेक प्रयास कर रही है, ताकि राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एचपीपीटीसीएल की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कॉरपोरेशन के पास 15 सब स्टेशन तथा 964 सर्किट किमी लाइने हैं तथा अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कॉरपोरेशन को 166.99 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। वर्ष 2025 तक कॉरपोरेशन की आय बढकर 455 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने 6 किलोमीटर शोंगटोंग-बास्पा ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण कार्य को अगले डेढ़ साल तक पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि यह 450 मेगावाट विद्युत निकासी के लिए महत्वपूर्ण है। शोंगटोंग-कड़छम विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य जुलाई, 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस लाईन के निर्माण कार्य में देरी से राज्य के राजस्व को नुकसान होगा, इसलिए कॉरपोरेशन को इस लाईन के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि एसपीपीटीसीएल भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला ऊना में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क तथा लमलैहड़ी और पेखुबेला में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उचित ट्रांसमिशन की व्यवस्था की जाए। इसके लिए नैहरियां से ऊना के लिए 220/132 केवी सब-स्टेशन और 41 किमी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेशन जिला सोलन के नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क तथा जिला सिरमौर के काला अंब में औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए भी ट्रांसमिशन की उचित व्यवस्था करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है। इसके साथ-साथ देहरा में केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है और फतेहपुर क्षेत्र में सौर परियोजनाओं के निर्माण की काफ ी सम्भावनाएं हैं, इसलिए एचपीपीटीसीएल यहां भी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ट्रांसमिशन लाइनें बिछानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने में कॉरपोरेशन की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ इसके लिए दृढ़ प्रयास करें। बैठक में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त मनीष गर्ग, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, सचिव वित्त अक्षय सूद, प्रबंध निदेशक एचपीपीटीसीएल ऋ ग्वेद मिलिंद ठाकुर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बाट पंचायत के त्रिलोक ने दो व कोलका के सुनील कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद लवली प्रोफैशनल युनिवर्सिटी**



जालांधर में दिव्यांगजनों के लिये आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बाट पंचायत के त्रिलोक ने दो व कोलका के सुनील कुमार ने एक जीता स्वर्ण पदक जीत चम्बा का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 30 व 31 मार्च को जालांधर में हुई। इसमें विकास खण्ड मैहला की ग्राम पंचायत बाट के गाव गुदरा निवासी त्रिलोक उर्फ तनु ने डिस्कस थ्रो व क्लब थ्रो में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कोलका पंचायत के निवासी सुनील कुमार ने फैशन शॉ में स्वर्ण पदक हासिल किया। इन प्रतियोगिताओं में देश भर के कुल 15 प्रदेशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें चम्बा के यह दो युवक अपना लोहा मनवाने में कामयाब रहे। दोनों के हौसले और जज्बे के कारण वो अन्य युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बने हैं। त्रिलोक ने बताया कि इसका श्रेय अपने माता पिता व अन्य परिवारजनों को दिया। उनका कहना है कि परिवार का हर पल सहयोग मिलता है इसलिये आज अपने आपको कभी यह महसूस नहीं किया कि मैं चल फिर नहीं सकता। उन्होंने हमेशा सहयोग किया। जीवन में बहुत से उतार चढ़ाव आते हैं परंतु हिम्मत नहीं हारनी चाहिये। वहीं उन्होने यह भी कहा कि हिमाचल सरकार को भी दिव्यांगजनों को खेल के प्रति इस तरह से सुविधाएं देनी चाहिये।

## युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदेश भर में विरोध लगातार जारी है नाहन में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने विरोध स्वरूप मशाल जुलूस निकाला।

इस मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने कांग्रेस भवन नाहन से लेकर ऐतिहासिक दिल्ली गेट तक मशाल जुलूस निकाला। मीडिया से बात करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ओपी ठाकुर व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जालटा ने कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करना सीधे तौर पर तानाशाही और लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाने की लगातार कोशिश की जा रही है। युवा नेताओं ने कहा कि यदि जल्द राहुल गांधी की सदस्यता को बहाल नहीं किया गया तो लगातार युवा कांग्रेस के कार्यकताओं का विरोध जारी रहेगा।

## प्रदेश सरकार ने एक माह में वितरित की 1226 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना विकास आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनकर उभरा है। प्रदेश में विभिन्न राजमार्गों के विकास व विस्तार से राज्य की आर्थिकी को बढ़ावा मिल रहा है।

विगत एक माह के दौरान प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत राजमार्गों के निर्माण एवं विस्तारीकरण के लिए भू-अधिग्रहण मुआवजा के रूप में लोगों को रिकॉर्ड धनराशि वितरित की गई है। इस अवधि के दौरान प्रदेश में 1226 करोड़ रुपये की धनराशि भूमि मुआवजा के रूप में प्रदान की गई है। उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से इस अवधि के दौरान 593 करोड़ रुपये, उपायुक्त हमीरपुर द्वारा 182 करोड़ रुपये, उपायुक्त सोलन द्वारा 32 करोड़ रुपये, उपायुक्त मण्डी द्वारा 242 करोड़ रुपये, उपायुक्त शिमला द्वारा 170 करोड़ रुपये और उपायुक्त चम्बा द्वारा 7 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि लोगों को वितरित की गई है। भू-अधिग्रहण मुआवजा राशि प्रदान करने के मामले लम्बे अरसे से लम्बित थे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन मामलों को निपटाने में तत्परता से कार्य करते हुए लोगों को राहत प्रदान की है।

## एसआईयू टीम ने पकड़ा शराब का जखीरा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला सिरमौर पुलिस की एसआईयू टीम नाहन के द्वारा शराब और बियर का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात आरोपी डस्टर गाड़ी संख्या डीजल सीए-1900 को लेकर कालाअंब से पांवटा साहिब की ओर जा रहा था। घटना सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट को इनपुट मिला कि डस्टर गाड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में दोसडका की ओर आ रही है। एसआईयू टीम के हेड कांस्टेबल राकेश, विशाल, विनोद, विशाल, तुरिया आदि सहित फ ौरन वक्त न जाया करते हुए दोसडका एनएच-07 पर नाका डालकर मुस्तैद हो गए।

अज्ञात व्यक्ति ने दूर से ही पुलिस को देखते ही गाड़ी मौके पर छोड़ते हुए फ रार हो गया। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने देखा कि ड्राइवर फ रार हो चुका है मगर गाड़ी में पीछे की ओर बड़ी मात्रा में शराब और बीयर की पेटियां रखी हुई थी। एसआईयू टीम के द्वारा गाड़ी से निकालकर जब बरामद जखीरे को गिना गया तो पता चला कि पेटियों में सेल फॉर पंजाब की 17 पेटियां रॉयल स्टैग तथा 20 पेटी बियर की निकली।एसआईयू टीम के द्वारा कथित आरोपी को जंगल के आसपास तलाशा गया मगर वह भाग जाने में सफल रहा। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के द्वारा गाड़ी सहित अवैध शराब और बियर को जब्त कर मामला अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कर लिया गया है। उधर, इस मामले में डीएसपी मीनाक्षी शाह ने बताया कि अभी मामला दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। बरहाल सिरमौर पुलिस की पैनी नजर से शराब की तस्करी के धंधे पर बड़ी नकेल लगी है।

मगर अब यह जांच का विषय है कि बरामद किया गया जखीरा सिरमौर में ही खपना था या फि र यह उत्तरांचल की ओर जा रहा था।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत ने देश की पहली और सबसे बड़ी सभा के लिए आधिकारिक पंजीकरण शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भारतीय राजनीति की सबसे शक्तिशाली हस्तियों की एक अभूतपूर्व सभा के लिए मंच तैयार है।राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत (एनएलसीभारत) ने देश की पहली और सबसे बड़ी सभा के लिए आधिकारिक पंजीकरण शुरू कर दिया है जिसमें देश के हर कोने से लगभग 3000 से भी अधिक विधायक शामिल होंगें।यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम 15 जून से 18 जून तक व्यस्त महानगरी मुंबई में होगा।यहाँ देश भर के सांसदों को एक समान मंच पर साथ आने और देश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का का अनूठा अवसर मिलेगा। एनएलसी भारत एक निर्दलीय मंच है जो भारत के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से विधान सभा सदस्यों (विधायकों) और विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) को एकजुट करेगा।इस सभा में निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने सराहनीय कार्यों का प्रदर्शन करने और नए विचारों का आदान-प्रदान करने का एक बेहतरीन मंच मिलेगा।हमारे देश के गौरवशाली इतिहास में यह अपनी तरह का पहला सम्मेलन है जो परिवर्तन का प्रणेता बनकर आने वाली पीढि?ों के लिए भारतीय राजनीति की दिशा तय करेगा।यह सम्मेलन कानून निमार्ताओं को बातचीत करने और ज्ञान साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।इस वार्ता में विधायिका को प्रभावशाली कैसे बनाएं और सुशासन को प्रोत्साहन देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत के प्रतिष्ठित विधायक लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से अनुभवात्मक शिक्षा और विषयगत चचार्ओं में शामिल होंगे जिसमें राष्ट्रीय और वैश्विक नेता के साथ पार्टी के अधिकारी भी शामिल होंगे।यह व्यापक दृष्टिकोण भारत और उसके बाहर लोकतंत्र के भविष्य को आकार देने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और रणनीतियां प्रदान करने का वादा करता है।

### लाहौल स्पीति में मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण 5 अप्रैल से

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति सुमित खिमटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इस जिला के 21- लाहौल और स्पीति सभा निर्वाचन क्षेत्र की लोक सभा तथा विधान सभा निर्वाचनों के लिए प्रयुक्त होने वाली फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का 01अप्रैल 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण करवाया जा रहा है। सुमित खिमटा ने बताया की 5 अप्रैल बुधवार को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में होगा तथा दावे व आक्षेप दाखिल करने की अवधि उपरोक्त सभी स्थानों पर 5 अप्रैल बुधवार से 20 अप्रैल वीरवार तक होगी।

## 3 व 4 अप्रैल को फतेहपुर, रेव राजा का तालाब में लगाया जाएगा विशेष शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**

उपमण्डलाधिकारी (नागरिक), फ तेहपुर विश्रुत भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत उपमण्डल फ तेहपुर के तहत जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपना ईकेवाईसी, भूमि सम्बन्धी जानकारी (लैंड-सिडिंग) तथा बैंक एकाउंट को आधार के साथ लिंक नहीं करवाया है, उनकी सुबिधा के लिए जिला प्रशासन के सौजन्य से 3 व 4 अप्रैल, 2023 को फ तेहपुर उपमण्डल के तहत तहसील

**8 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाई गई है**

कार्यालय फतेहपुर, उपतहसील कार्यालय
रे व उपतहसील कार्यालय राजा का तालाब में विशेष कैपों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को आसानी से पूर्ण करने के लिए तहसील कार्यालय फ तेहपुर, उपतहसील कार्यालय रे व उपतहसील कार्यालय राजा का
तालाब में विशेष सहायता केन्द्र



स्थापित किए गए हैं। एसडीएम फ तेहपुर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाई गई है व इसके लिए सम्बन्धित लाभार्थी का ईकेवाईसी और व बैक एकाउंट का आधार के साथ लिंक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि लैंडसिडिंग नहीं करवाने की बजह से किसान पोंटल पर स्वयं पंजीकरण करवाचुके किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली अनुदान राशि नहीं मिल पा रही है। उन्होंनें बताया कि बहुत से किसान ऐसे हैं जिनको पहले की किश्तें प्राप्त हुई है और बाद में उनका भुगतान रुक गया है। ऐसी सभी दिक्कतें प्रमाण पत्रों के गलत अपलोड होने या गलत दस्तावेजों की जानकारी की वजह से आ रही हैं। जिला प्रशासन इस सभी प्रकार की दिक्कतों को ठीक कर पंजीक्ररण प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए इन विशेष शिविरों का आयोजन करने जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की है कि जिन्होनें अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ईकेवाईसी, लैंडसिडिंग व बैंक एकाउंट को आधार के साथ लिंक करवाने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं करवाई है वह इन नजदीकी विशेष शिविरों में आकर अपने अधुरे दस्तावेजो को सही अपलोड करवा लें ताकि उन्हें इस योजना मे मिलने वाला लाभ बिना किसी रुकावट के समयबद्ध मिल सके।

## कुल्लू में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कुल्लू:** जिला कुल्लू के थाना पतलीकुहल के अंतर्गत पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में पंजाब के एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है। कथित व्यक्ति चिट्टा का स्प्लायर है या कि खरीददार है, इस बारे में पुलिस जांच कर रही है। नशा तस्करी का मामला शनिवार बीती रात उस दौरान सामने आया जब पुलिस 16 मील के समीप नाका पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 8 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## मेला समिति द्वारा जनता की सुविधा के लिए निःशुल्क वाहन सेवा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग द्वारा आज प्रातः एसडीएम कार्यालय करसोग से यात्रियों के लिए मुफ्त वाहन सेवा को शुरू किया गया है। उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग ओम कांत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जो यात्री बस स्टैंड करसोग से टिकट लेकर बसो में काओ, चैरा और मैंडी की तरफ जाना चाहते है। उनके लिए इस वाहन में बस अड्डा करसोग से राजकीय महाविद्यालय करसोग तक बिना किसी शुल्क के यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी तथा जिन यात्रियों को चैरा, मैंडी तथा काओ से करसोग की तरफ आना है उन यात्रियों को भी यह वाहन राजकीय महाविद्यालय करसोग से बस अड्डा करसोग तक निशुल्क पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा कि मेले के दौरान करसोग में ट्रैफि क व्यवस्था सही तरीके से बनी रहे इसके दृष्टिगत एक अप्रैल से 7 अप्रैल तक बसों तथा भारी वाहनों को बस स्टैंड करसोग से लेकर भ्याल तक प्रतिबंधित किया हैं परन्तु आम जनता को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कोई बाधा ना आए इसी को मध्यनजर रखते हुए मेला ने निःशुल्क वाहन सेवा को आज से शुरू कर दिया है।

## रंगोली व पेंटिग प्रतियोगिता में सृष्टि व राजू तथा रंगोली में गर्ल्स स्कूल व जय दुर्गा नर्सिंग कॉजेल विजयी



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता के स्कूल वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर की सृष्टि पहले, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा की मैहक दूसरे तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की ही आयुषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रतियोगिता के कॉलेज वर्ग में आईटीआई जोगिन्दर नगर के राजू पहले, हिमालयन नर्सिंग कॉलेज की आंचल ठाकुर दूसरे तथा जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज की प्रियंका गुलेरिया तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल विद्यार्थियों को पहला, दूसरा व तीसरा पुरस्कार प्राप्त करने पर क्रमशः 6 सौ, 5 सौ तथा 4 सौ रुपए जबकि कॉलेज विद्यार्थियों को पहले तीन स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 7 सौ, 6 सौ तथा 5 सौ रुपए की इनामी राशि प्रदान की गई।इस बारे जानकारी देते हुए खेल संयोजक डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता के स्कूल वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर पहले, मांउट मौर्य स्कूल दूसरे तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिकरू तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह कॉलेज वर्ग में जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज प्रथम, हिमालयन नर्सिंग कॉलेज द्वितीय तथा आईटीआई डोहग तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल वर्ग में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले संस्थानों को क्रमशः 8 सौ, 7 सौ तथा 6 सौ रुपये जबकि कॉलेज वर्ग में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः एक हजार, 8 सौ तथा 6 सौ रुपये की इनामी राशि प्रदान की गई।

## जोगिंद्रनगर का पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**



एक से पांच अप्रैल तक मनाये जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर का गत दिवस को विधिवत शुभारंभ हो गया। पुराने मेला मैदान में चौहारघाटी के अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पाशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पाशाकोट की अगवानी में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकली। उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने जलेब की अगवानी की। इसके बाद उपायुक्त ने मेला मैदान जोगिन्दर नगर में मेले का झंडा फ हराकर विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने समस्त प्रदेश वासियों को लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मेले व त्यौहार हमारी पुरातन संस्कृति और जीवन शैली के आधार हैं। इन लोक उत्सवों के माध्यम से नई ऊर्जा, नए उल्लास, नई उमंग और नए उत्साह का संचार होता है। उन्होंने कहा कि इन मेलों के आयोजन से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है बल्कि इस तरह के आयोजन सांप्रदायिक सद्भाव को सुदृढ़ बनाने तथा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी अहम योगदान देते हैं।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध देव संस्कृति की पहचान न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी है। लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर में प्रतिवर्ष हमारी श्रद्धा व आस्था के प्रतीक सैंकड़ों देवी-देवता अपना आशीर्वाद देने यहां पहुंचते हैं। देवी-देवताओं के आगमन से पूरा जोगिन्दर नगर देवमयी हो जाता है। साथ ही कहा कि मेले के दौरान देवी-देवताओं के आगमन एवं मेल मिलाप से जहां हमारी प्राचीन देव संस्कृति को बल मिलता है तो वहीं अधिक मजबूत व समृद्ध भी होती है। साथ ही इस तरह के आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी को देश की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने व सहेजने का सुअवसर भी प्राप्त होता है। इससे पहले उन्होने विभागीय प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया।मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी देवी-देवताओं के साथ मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए मेले के आयोजन बारे विस्तृत जानकारी रखी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर, तहसीलदार डॉ. मुकुल अनिल शर्मा, मेला समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य, विभिन्न पंचायतीराज व शहरी निकाय संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

## उपमंडलाधिकारी कुल्लू ने दिलाई मनोनीत सदस्य को की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उप मंडल अधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला ने आज नगर परिषद कुल्लू के मनोनीत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उन्होंने मनोनीत सदस्यों विशाल सूद, ज्ञानचंद, वीरेंद्र शर्मा तथा सोनी देवी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर, नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, पार्षद व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# विधायक के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**8 इस अवसर पर विधायक राजेश धमाणी भी मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदान करने वाले की हौसला हफजाई की**



**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
घुमारवीं विधानसभा के विधायक राजेश धमाणी के 51वें जन्म दिवस के अवसर पर जिला ब्लॉक कांग्रेस तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर सभी कार्यकताओं ने बढ़-चढकर इस रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक राजेश धमाणी भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी कार्यकताओं की हौसला हफ जाई की। इस अवसर पर विधायक धमाणी ने अपने परिवार और कार्यकताओं के साथ मिल कर केक भी काटा। इस अवसर पर सैंकड़ों कार्यकर्ता तथा अन्य लोग विधायकों को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। विधायक राजेश धमाणी ने सभी लोगों का धन्यवाद किया जो इस मौके पर रक्तदान करने आए थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से हमें यह जीवन मिला है और हमारा फर्ज है कि जो दायित्व हमें मिला है उसे निभाने की कोशिश करें और यही हम कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि जो समाज में सबसे पीछे हैं उनको हम थोड़ी सी सहायता दे सके और उन्हें आगे रहने का प्रयास कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक छोटी सी कोशिश है कि जो दिन दुखी है उन पर थोड़ा सा मरहम लगाकर उनकी सेवा कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी यही कोशिश रहती है कि अपने इलाके का चहुमुखी विकास करें तथा जो समाज सेवा का प्रण लिया है उसे इस मौके पर दोबारा एक नए संकल्प के साथ पूर्ण करने के लिए प्रयास करेंगे।धमाणी ने कहा कि लोगों की ऐसी भावनाएं हमें शक्ति देते हैं और हमें प्रेरित करती हैं कि हम समाज के लिए और बेहतर प्रयास कर समाज को संगठित कर सकें ।उन्होंने रक्तदान करने आए सभी युवाओं का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है तथा रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकते हैं और हमें जहां भी कोई जरूरतमंद देखे हमें उसे हर प्रकार की सहायता करनी चाहिए, चाहे वह किसी भी रुप में क्यों ना हो। इस मौके पर करीब 60 युवाओं ने अपना रक्तदान कर विधायक का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण चौधरी, खंड चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं डॉ पुष्पेंद्र सिंह राणा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, पूर्व सदर विधायक तिलक राज शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जागीर सिंह मेहता, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजीव शर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ठाकुर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता

# उचित पोषण अपनाये बालिकाएं: उपायुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
किन्नौर जिला के कल्पा स्थित बालिका आश्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण अभियान के तहत पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त किन्नौर तोरूल एस रवीश ने की। उपायुक्त किन्नौर ने बालिका आश्रम का निरीक्षण किया तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने बालिकाओं को सही पोषण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बालिका आश्रम के अधिकारियों को बालिका आश्रम से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी समय समय पर प्रशासन को प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से बालिकाओं को दिए जा रहे पोषण की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को बालिका आश्रम के रुके हुए कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने इस बालिकाओं के साथ कृषि विभाग द्वारा प्रदान किए गए बीजों का भी बीजारोपण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बालिका आश्रम की छात्राओं के संपूर्ण स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर मोटे अनाज के लाभ बारे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालिका आश्रम की बालिकाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में नवमी कक्षा की अक्षरा प्रथम, आठवीं कक्षा की मीनाक्षी द्वितीय व आठवीं कक्षा की प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गई।
उपयुक्त ने सभी विजेता व कार्यक्रम में भाग लेने वाली बालिकाओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की कार्यवाही का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी कल्पा डा मेजर शशांक गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सोनम नेगी, सहित आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### लैवेंडर की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योजना तैयार कर रही प्रदेश सरकार: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में अरोमा मिशन पर कार्य करेगी। अरोमा मिशन लैवेंडर की खेती की एक पहल है और यह जम्मू-कश्मीर में किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। हिमाचल प्रदेश में जिला चम्बा सहित कई क्षेत्रों की जलवायु परिस्थितियां जम्मू-कश्मीर के समान होने के कारण प्रदेश सरकार राज्य के कई क्षेत्रों में लैवेंडर की खेती को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने की योजना तैयार कर रही है। सरकार की इस पहल से राज्य के किसानों को आय का एक नया लाभदायक स्त्रोत प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह के साथ अरोमा मिशन के बारे में दूरभाष पर विस्तार से बातचीत की। जनवरी माह में नई दिल्ली में भी मुख्यमंत्री ने डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ इस विषय पर चर्चा की थी। केंद्रीय मंत्री ने इस परियोजना के लिए प्रदेश के किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से लैवेंडर की खेती से किसानों के जीवन में सार्थक बदलाव आएगा। अरोमा मिशन कृषि क्षेत्र के लिए गेम.चेंजर साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को इस मामले को सम्बंधित मंत्रालय के समक्ष उठाने और परियोजना को जमीनी स्तर पर लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निर्देश दिये हैं। प्रदेश सरकार खेती के लिए आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने की योजना भी बना रही है। इसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार से तकनीकी मदद प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। केंद्र सरकार राज्य के किसानों और बागवानों के लिए प्रशिक्षण शिविर और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगी। इससे किसानों को कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों की जानकारी उपलब्ध होगी तथा वह अपनी उपज की गुणवत्ता में सुधार लाकर अधिक आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। लैवेंडर की खेती जिसे बैंगनी क्रांति पर्पल रिवॉल्यूशन के रूप में भी जाना जाता है, राज्य के किसानों के लिए एक आकर्षक विकल्प साबित हो सकती है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

### परवाणू पुलिस ने साहिबाबाद से दबोचा रेप का आरोपी, 3 जनवरी को दर्ज हुआ था युवती से रेप का मामला

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**
परवाणू पुलिस ने थाना परवाणू मे दर्ज रेप के एक मामले मे आरोपी युवक को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी 3 जनवरी को दर्ज बलात्कार के मामले मे पुलिस को वांछित था। पुलिस की टीम ने युवक की लोकेशन ट्रेस करके उसे दबोचने मे सफलता प्राप्त की है।बता दे की पुलिस थाना परवाणू में 03 जनवरी, 2023 को धारा 363, 366ए, 328, 506, 120बी, 34 आईपीसी- 6पोक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। इससे पूर्व बावादीन पुत्र रघुराज निवासी गांव कसौली डाकखाना कुराला जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल रिहाईश खेड़ा सीताराम कालका जिला पंचकूला ने थाना कालका में शिकायत पत्र पेश किया था की इसकी बेटी 13 दिसंबर, 2022 शाम 6 बजे से गायब है। जिस पर थाना कालका में अभियोग नम्बर 258 धारा 365 आईपीसी रजिस्टर किया गया था। इसके बाद बाबादीन पुत्र रघुराज ने कालका थाने आकर अपने साथ गुमशुद्धा लडकी को पेश किया। लडकी के ब्यान के आधार पर कालका मे रेप का मुकद्दमा दर्ज किया गया था,लेकिन जांच मे पीडिता के साथ गलत काम करना थाना परवाणू हिमाचल प्रदेश का पाया गया, जिसके बाद थाना कालका के अधिकार क्षेत्र मे कोई अपराध घटित न पाए जाने पर मुकदमा आगामी कार्यवाही के लिए थाना परवाणु में प्राप्त हुआ था।अब परवाणू पुलिस ने इस मामले मे आरोपी युवक को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। उपरोक्त मुकदमा नंबर 02/2023 03 जनवरी, 2023 यूएस 363, 366ए, 328,506,120बी, 34 आईपीसी-6 पोक्सो एक्ट में वांछित आरोपी सुभाष कुमार पुत्र नगीना राय निवासी गांव मानवा इस्माइलपुर थाना हाजीपुर जिला वैशाली विहार आयु 23 वर्ष को एउप निरीक्षक गोपिंदर पाल पुलिस थाना परवाणु द्वारा साहिबाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफतार किया गया है।डीएसपी परवाणू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
बाल विकास परियोजना गोहर के वृत्त स्यांज में पोषण अभियान के अंतर्गत वर्तमान में मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने पोषण से संबंधित लोकल व्यंजन तथा हरी पत्तेदार सब्जियों व मोटे अनाजों की प्रदर्शनी लगाई।
इस एक दिवसीय शिविर में स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी बिहारी लाल चौहान जीने लोगों को दैनिक आहार में मोटे अनाजों का महत्व बताया तथा लोगों को इनसे होने वाले अनेक फायदों से भी अवगत करवाया एक दिवसीय कार्यशाला में जिला समन्वयक रजनी शर्मा तथा खंड समन्वयक आशीष शर्मा ने भी लोगों को पोषण से संबंधित जरूरी सूचनाएं दी इस अवसर पर बीडीसी मेंबर जीवन चंद वृत्त पर्यवेक्षिका निर्मला देवी तथा आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।

# स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम की समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी कपिल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य राजकीय माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं



स्वच्छता संबंधी जागरुकता प्रदान करना और विद्यालय स्तर पर संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला चंबा के 480 स्कूलों के 960 अध्यापकों को कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों (एक महिला व एक पुरूष) को हेल्थ एंड वेलनेस एंबेस्डर बनाया जाना था जिसमें 964 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया जो तय लक्ष्य से 4 अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा आठवीं से बारहवीं तक विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा और विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष शिक्षा प्रदान की जा रही है और साथ ही साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान भी किया जा रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला के 480 स्कूलों में प्रत्येक मंगलवार को अब तक 2245 सत्र आयोजित किए जा चुके हैं जिसमें प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा लगभग 94279 विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान की गई है।
बैठक में जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी राकेश कुमार, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाडक, सहित आदि उपस्थित रहे।

# अजमेरपुर मेले का शोभा यात्रा से आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
भराड़ी कस्बे में तीन दिन तक चलने वाला अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव रविवार को शुरू हुआ। ग्रीष्मोत्सव के शुभारंभ पर पूर्व मुख्यामन्त्री प्रेम कुमार धूमल ने मुख्य रूप से शिरक्त की। भराड़ी मंदिर से लेकर मेला ग्राउण्ड तक ढोल नगाड़ों से शोभा यात्रा निकाली गई। मेला ग्राउण्ड में पूर्व मुख्यामन्त्री द्वारा बैल पूजन व खूंटी गाडकर कार्यक्रम का आगाज किया। मेला कमेटी की तरफ से शाल व स्मृति चिन्ह देकर मुख्यातिथि को समानित किया गया। धूमल ने कहा कि



मेले हमारी सांस्कृति को संजोय रखते हैं। मेले में आपसी भाईचारा बढ़ता है। धूमल ने कहा कि खुशी का विषय का है यहां भराड़ी व आसपास के लोग पिछले 13 वर्षों से आपसी सहयोग से इस मेले का आयोजन कर रहे हैं। धूमल ने मेले के आयोज। पर समस्त इलाका वासियों को बधाई दी। धूमल ने ससंस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य हैं। नशे से दूर रहकर बेहतर जीवन पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। उन्होंने गोसेवक सुनील को बधाई देते हुए कहा कि उनका कार्य बेहद सराहनीय है। सुनील द्वारा जिस तरह गोसेवा की जा रही है व छोटे छोटे बच्चों को इस तरह सांस्कृतिक देश भक्ति कार्यक्रम के लिए तैयार करना सराहनीय है। मेला मित्रां दा कहकर धूमल ने कहा कि राजनीति से दूर रहकर यह ग्रीष्मोत्सव आगे बढ़ रहा है।

# हेमराज बैरवा ने संभाला हमीरपुर के उपायुक्त का कार्यभार

**हमीरपुरः** वर्ष 2013 बैच के हिमाचल काडर के आईएएस अधिकारी हेमराज बैरवा ने रविवार को हमीरपुर के 32वें उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले हमीरपुर पहुंचने पर एडीसी जितेंद्र सांजटा, सहायक आयुक्त पवन कुमार शर्मा और उपायुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने हेमराज बैरवा का स्वागत किया तथा उनको शुभकामनाएं दीं।
हेमराज बैरवा इससे पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे।

# वर्तमान वित्त वर्ष में शिक्षा पर खर्च होंगे 8828 करोड़: पठानिया




**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में नई योजनाएं भी आरंभ की गई हैं। इस समय प्रदेश में उच्च स्तर तक शिक्षण संस्थानों का बड़ा नेटवर्क विद्यमान है। सभी शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाने के कारगर प्रयास किए जा रहे हैं व शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया लगातार जारी है। इस वर्ष शिक्षा के लिए 8828 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। कुलदीप सिंह पठानिया राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने महाविद्यालय में साइंस ब्लॉक का निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय की भूमि को विभाग के नाम करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने ओबीसी हॉस्टल भवन के मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने की बात भी कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि अध्यापक और अभिभावक दोनों मिलकर बच्चों में ऐसे गुणों का सृजन करें, जो भविष्य में उनके काम आ सके। उन्होंने विद्यार्थियों से महाविद्यालय में पूर्ण अनुशासन से मन लगाकर पढ़ाई करने और साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में 1144 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी की सेवाएं नहीं होगी समाप्तः चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी के नेर चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में कोरोना काल में रखे गए 350 आउटसोर्स कर्मचारी जिनका अनुबंध 31 मार्च को पूर्ण होने के कारण उनको सेवाओं से हटा दिया है। हटाई गई कर्मचारियों में लगभग 100 सफ ई कर्मचारी, 107 स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, लैब टेक्नीशियन और सुरक्षा कर्मी शामिल है। अपनी सेवाओं को जारी रखने के संदर्भ में आउटसोर्स कर्मचारियों का करीब 250 कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री और जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चौधरी



से मिला और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ मजदूर नेता व नेर चौक के पूर्व पार्षद रजनीश सोनी, दलित नेता चमन रही, बल्ह इंटक अध्यक्ष भूपेंद्र गुलेरिया, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन राणा, रणजीत मंडयाल, दमन गुप्ता आदि ने भी पूर्व मंत्री से जोरदार तरीके से मांग उठाई और आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि जिस समय इन कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था उस समय कोई भी व्यक्ति किसी से मिलता जुलता भी नहीं था। उस भयानक कोविड काल में इन्ही उपरोक्त कर्मचारियों ने मरीजों की सेवा और दवा निस्वार्थ भाव से की थी। अब इन आउटसोर्स कर्मचारियों का सेवा विस्तार होना चाहिए। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने तुरंत मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से दूरभाष में संपर्क साधा और मेडिकल कालेज नेर चौक के आउटसोर्स कर्मियों के सेवा विस्तार का मुद्दा उठाया। प्रकाश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि किसी कर्मी को नहीं हटाया जाएगा जिन्होंने बुरे वक्त में साथ निभाया है।

# शहर से 05 किलो मीटर दूर बना जंगल में बेकार पड़ा है एक करोड़ से ज्यादा बना मेक शिफ्ट अस्पताल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
एक करोड़ से ज्यादा का बजट खर्च करके बनाए वार्ड हो रहे है बर्बाद। कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये कोरोना काल में शहर से करीब 5 किलोमीटर दूर पुलिस फ ायरिंग रेंज जुडड़ा का जोहड़ में 100 बेडेड कोविड मेक शिफ्ट अस्पताल सालों से विरान पड़ा है। कोरोना काल में भी मेक शिफ्ट अस्पताल में कभी एक भी रोगी भर्ती नही किया। एक करोड़ से ज्यादा का बजट खर्च करके बनाए गए कई वार्ड अनदेखी के चलते सालों से बर्बाद हो रहे है। मेक शिफ्ट अस्पताल में सरकार ने लाखों रूपए का साजोसामान अलग से फिट कर रखा है। सुरक्षा की दृष्टि से मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने अपने चार सिक्योरिटी गॉर्ड ड्यूटी पर लगा रखें हैं जो 24 घंटे शिफ्ट में तैनात है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के लिए यह अस्पताल आज परेशानी बना है। शहर से दूर होने के कारण इसका प्रयोग नही किया जा सका है। लेकिन इस सबके बावजूद एक सबसे बडा सवाल यह है कि अगर इस मेक शिफ्ट अस्पताल प्रयोग अन्य कोई प्रोजैक्ट चलाने के लिये किया जाए तो सरकार के तय मापदंडो के अनुसार स्टाफ कहां से तैनात होगा। स्टाफ को जगंल के बीच कैसे रखा जाएगा। मेडिकल कालेज अस्पताल में पहले से ही सालों से स्टाफ के लाले पडे है। सरकार द्वारा दी गई करोड़ों रुपए की मशीनरी को चलाने के स्टाफ उपलब्ध नही हो रहा है। मेडिकल कालेज अस्पताल में पहले



ही 25 बेडेड कोविड वार्ड उपलब्ध हैं। मेकशिफ्ट अस्पताल के लिये भूमि मेडिकल कालेज परिसर के आसपास ही दी जाती तो आज यह बर्बाद नही होता। क्योंकि कोरोना हमेशा तो रहेगा नही। ऐसी स्थिति में मेकशिफ्ट अस्पताल के 100 बेड अन्य रोगियों के लिए भविष्य में काम आते लेकिन सिस्टम ने ऐसा सोचने की जहमत नहीं उठाई। मिली जानकारी के अनुसार मेकशिफ्ट अस्पताल को खड़ा करने के लिए एक करोड़ से ज्यादा का खर्च हुआ है। उधर अफ सरशाही यह कहकर पल्ला झाड़ रही कि जिले को केंद्र की तरफ से यह मेकशिफ्ट अस्पताल फ्र ी में मिला है। अफ सरों को यह भूलना चाहिए कि फ्री में मिले इस अस्पताल का बजट जनता के टैक्स से आया था। वर्ष 2000 में केंद्र सरकार ने राज्य को 5 मेक शिफ्ट अस्पताल दिए थे
कोरोना काल मे 2000 में केंद्र सरकार ने राज्य को 5 मेक शिफ्ट अस्पताल संक्रिमितों को दाखिल करने के लिए स्वीकृत किये तब नाहन भी सूची में शामिल था।
जैसे ही जिला कलेक्टर ने पुलिस फायरिंग रेंज जुडड़ा का जोहड़ के लिये नोटिफि केशन जारी की इसके साथ ही पुलिस विभाग ने फायरिंग रेंज को महत्त्वपूर्ण बता कर जमीन के नाम पर अड़ंगा डाला दिया था। यही नही मैडीकल कॉलेज ने भी प्रस्तावित मेक शिफ्ट अस्पताल यह कहकर पल्ला झाड़ते हुए जिला प्रशासन से कह दिया था कि मैडीकल अस्पताल में तो स्टाफ का पहले ही टोटा पड़ा है मेक शिफ्ट के लिये अतिरिक्त स्टाफ नही मिल सकता। उधर जब मेक शिफ्ट अस्पताल को लेकर जब पुलिस विभाग ने सरकार पर दबाव बनाया और जिले के पूर्व एस पी ने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा तो सरकार ने खुद ही मेक शिफ्ट अस्पताल को योजना से अपने हाथ खींचे कर प्रस्तावित अस्पताल को ठन्डे बस्ते में डाल दी थी। जबकि अन्य स्थानों पर तय समय मे सभी मेक शिफ्ट अस्पताल तैयार कर लिए गए थे। लेकिन बाद में जिला प्रशासन के प्रयासों से विवाद निपटा कर अस्पताल खड़ा करवा दिया गया था। पुलिस फ ायरिंग रेंज जुडड़ा का जोहड़ में 100 बेडेड कोविड मेक शिफ्ट अस्पताल कोरोना काल में बना था। लेकिन इसका सही तरीके से प्रयोग नही हो पाया। मेकशिफ्ट अस्पताल के कुछ के बिन नाहन लाकर मेडिकल कॉलेज के आसपास स्थापित करने की बनी थी इसकी अनुमति अभी नही मिली है। मेक शिफ्ट अस्पताल प्रयोग रूरल हैल्थ सैंटर के रूप में करने बारे सोचा जा सकता है यह सैंटर कॉलेज में खोला जाना है

# चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़ी भीड़, 50 हजार ने किए दर्शन

**8 प्रसिद्ध चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को मां के भक्तों की अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को मां के भक्तों की अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली। बीते शनिवार को माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।
श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रविवार को मंदिर के कपाट सुबह जल्द ही खोल दिए गए।



मंदिर में श्रद्धालुओं को कतार में दर्शनों के लिए भेजा गया। दोपहर तक श्रद्धालुओं की लाइन धर्मशाला सराएं तक पहुंच गई। श्रद्धालुओं को मां के भवन तक पहुंचने के लिए 5 से 6 घंटे लग रहे थे। होमगार्ड के जवानों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत की, लेकिन चिंतपूर्णी में व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। विभिन्न रास्तों से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु लाइन में लगे श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बनते रहे। मुख्य बाजार में श्रद्धालुओं में धक्का-मुक्की आपसी कहासुनी चलती रही। कई बार लड़ाई झगड़े का माहौल भी बनता रहा, लेकिन श्रद्धा में डूबे श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन को खूब कदमताल करना पड़े। हालांकि सुबह जाम की स्थिति भी रही, लेकिन पुलिस ने बड़ी सुझबुझ से गाडि ?ों को मेन रोड से हटाकर पार्किंग की ओर भेजा और वाहनों की आवाजाही को सुचारु रुप से चालू करवाया। वहीं मंदिर की लिफ्ट के भी पास श्रद्धालुओं का हुजूम देखा गया।

# हास्य कलाकार कपिल शर्मा रूके ऊना

**8 कपिल शर्मा को होटल में देख प्रशंसकों ने मुलाकात की और सेल्फी भी ली और काफी प्रशंसक ऐसे भी रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हास्य कलाकार व सिने जगत का सबसे मशहूर अभिनेता कपिल शर्मा शनिवार को ऊना पहुंचे। ऊना के देहलां स्थित सोनी एरिया होटल में कुछ देर के लिए रूके। कपिल शर्मा को होटल में देख प्रशंसकों ने मुलाकात की और सेल्फी भी ली और काफी प्रशंसक ऐसे भी रहे, जिनसे मुलाकात नहीं हो पाई। होटल सोनी एरीना के एमडी संजीव सोनी व राजीव सोनी ने बताया कि थोड़े समय के लिए ही कपिल शर्मा ठहरे व होटल में रूके। इसके बाद कपिल शर्मा पालमपुर के लिए रवाना हो गए।



## एकांकी में जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज व कन्या स्कूल जोगिन्दर नगर अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनग/संगराय**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों के लिए एकांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज स्तर पर जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज पहले तथा हिमालयन नर्सिंग कॉलेज जोगिन्दर नगर दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह स्कूल स्तर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर विजेता रहा। कुश्ती विजेता को मिलेंगे 31 हजार व गुर्ज, उप विजेता को 21 हजार की इनामी राशि इस बार आयोजित होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता को 31 हजार रुपये व गुर्ज तथा उप विजेता को 21 हजार रुपए की इनामी राशि दी जाएगी।

# जिप सदस्य व ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के उपचुनाव 2 मई को

## प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र 13, 17 व 18 अप्रैल को प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक भर सकते हैं

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड अंब, बंगाणा, हरोली, गगरेट, व ऊना में ग्राम पंचायत सदस्यों व जिला परिषद सदस्य के रिक्त पदों के लिए उप चुनाव 2 मई को करवाए जाएंगे। इन पदो के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र 13, 17 व 18 अप्रैल को प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक भर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि 19 अप्रैल को प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की

**8 विकास खंड बंगाणा में पंचायत समिति डीहर के वार्ड 5 में ग्राम पंचायत सदस्य के पद के लिए उपचुनाव होगा**

जांच की जाएंगी, जबकि नामांकन पत्र वापिस लेने की तिथि 21 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल या उससे पहले मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न विकास खंडों में रिक्त पदों के लिए उप चुनाव 2 मई प्रातः 8 से 4 बजे तक चुनाव करवाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया




कि सदस्य पंचायत समिति एवं सदस्य जिला परिषद के मतों की गणना 4 मई को संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर प्रातः 9 बजे आरंभ की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने बताया कि विकास खंड अंब के अंतर्गत पंचायत समिति चुरूड़ू के वार्ड 2 के लिए, प्रंब के वार्ड 4 और 5 व कटौहड़ कलां के वार्ड 9 के लिए ग्राम पंचायत सदस्य के पदों के लिए उपचुनाव करवाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि विकास खंड गगरेट के तहत पंचायत समिति मवां कोहलां के वार्ड 5, चलेट के वार्ड 1, ओयल के वार्ड 7, रायपुर के वार्ड 5 व अमलैहड़ के वार्ड 2 में पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए उप चुनाव आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त लोअर भंजाल के वार्ड 17 में जिला परिषद सदस्य के रिक्त पद के लिए उप चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि विकास खंड ऊना के अंतर्गत पंचायत समिति बीनेवाल के वार्ड 4, सुनेहरा के वार्ड 3, बहडाला के वार्ड 4 व चताडा के वार्ड 4 में ग्राम पंचायत सदस्य के पदो के लिए उप चुनाव होंगे। राघव शर्मा ने बताया कि विकास खंड हरोली के तहत पंचायत समिति बाथू के वार्ड 5, बालीवाल के वार्ड 11 व खड्डु के वार्ड 6 में ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों हेतू उप चुनाव करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विकास खंड बंगाणा में पंचायत समिति डीहर के वार्ड 5 में ग्राम पंचायत सदस्य के पद के लिए उपचुनाव होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हॉकी हिमाचल सब जूनियर पुरूष व महिला वर्ग का चयन 4 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हॉकी हिमाचल द्वारा सब जूनियर पुरुष वर्ग व सब जूनियर महिला वर्ग की राज्य टीम का चयन 4 अप्रैल को इंदिरा गांधी स्टेडियम के एस्ट्रो टर्फ पर होगा। जानकारी देते हुए हॉकी कोच आशीष सेन ने बताया कि राज्य स्तरीय हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल में हिमाचल प्रदेश के सब जूनियर पुरुष वर्ग व सब जूनियर महिला वर्ग हॉकी खिलाडि ?ों को आमंत्रित किया है, जो 13 वी हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष वर्ग व सब जुनियर महिला वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 18 से 28 मई व सब जूनियर महिला 4 से 14 मई तक राउरकेला ( ओडिशा ) में होगी। उन्होंने बताया कि पुरुष व महिला वर्ग के लिए वैद्य आयु 1-1-2007 को या उसके बाद जन्म वाले चयन के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल के दौरान खिलाडि ?ों को हिमाचल प्रदेश का आयु प्रमाण, चिकित्सा और वास्तविक प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। चयन समिति में अजीत ठाकुर, सतिंद्र तरैन, बलजीत नागरा, कुणाल शर्मा, अनिल खंतवाल व तवी चौहान शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि खिलाडि ?ों के लिए हॉकी इंडिया पोर्टल में पंजीकृत होना भी अनिवार्य है।

### सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में 4 को होगा आपदा अवेयर प्रोग्राम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कांगड़ा में वर्ष 1905 में आएं भूकंप की वर्षगांठ को चिन्हित करते हुए 4 अप्रैल को आपदा जागरूकता दिवस पर निकासी ड्रिल/आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने बताया कि 4 अप्रैल को जिला के सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में शेक आउट ड्रिल (ड्रॉप, कवर एंड होल्ड) और निकासी ड्रिल तथा प्रधानाचार्य/संस्थान के प्रमुख द्वारा भूकंप के दौरान/पहले और बाद में क्या करें और क्या न करें, पर लेक्चर ओर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जिला में अवैध शराब सहित चार काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला के विभिन्न स्थानों पर पुलिस अवैध शराब सहित चार लोगों को काबू किया है। चारों से पुलिस ने 78 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला ऊना शहर के गुरूसर मोहल्ले का है, जहां पर शनिवार शाम को ऊना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार दबिश देते हुए राजेश कुमार के मकान से 30 बोतल देसी अवैध शराब बरामद हुई। दूसरा मामला डीएवी स्कूल ऊना के समीप स्थित एक दुकान का है, जहां पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गणेश कुमार की दुकान से 7 बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने गणेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं तीसरा मामला संतोषगढ़ बाजार का है, जहां पर पुलिस ने एक दुकान से सात बोतल अवैध शराब बरामद की। अवैध शराब रखने पर पुलिस ने जसविंद्र निवासी वार्ड नंबर छह, संतोषगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं चौथा मामला उपमंडल बंगाणा के गांव समलाड़ा का है, जहां पर पुलिस ने एक दुकान की तलाशी लेने पर 34 बोतल शराब बरामद हुई। जिसमें 22 बोतल अंग्रेजी शराब थी। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर जगजीत कुमार उर्फ गोल्डी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने पर चार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिंगा से 60 हजार की भैंस चोरी, पशुपालक ने दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना हरोली के तहत सिंगा से करीब 60 हजार की भैंस चोरी हुई है। पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिंगा निवासी पवन कुमार ने बताया कि मैंने घर में एक भैंस पाली हुई थी। बीती 30 मार्च को रोजना की तरह भैंस व उसके बच्चे को पशुशाला में बांधा हुआ था। अगली सुबह जब पशुशाला गाया, तो भैंस व बच्चा दोनों गायब थे। दो दिन की तलाश के बाद भी भैंस का कोई पता नहीं चला। ऐसे में पवन कुमार ने हरोली पुलिस को भैंस चोरी की शिकायत दी। पवन कुमार ने बताया कि भैंस की कीमत करीब 60 हजार रुपये है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिमाचल : लाहौल-स्पीति के शुलिंग गांव में हिमस्खलन, जान-माल का नुकसान नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में बर्फबारी के बाद एवलांच की घटनाएं बढ़ गई है। इससे यहां के स्थानीय लोग खौफजदा हैं। रविवार को लाहौल उपमंडल के शुलिंग गांव के पास की पहाड़ी से हिमस्खलन हुआ है।
हिमस्खलन से उठा बवंडर कुछ मिनट रहा और आसपास के इलाके तक पहुंच गया, लेकिन इससे किसी तरह के नुकसान नहीं हुआ है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि हिमस्खलन की वजह से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त सुमित खिमटा ने लाहौल घाटी के लोगों से अनावश्यक रूप से इधर-उधर न निकलने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि खराब मौसम के मद्देनजर पर्यटक और आमजन संवेदनशील इलाकों की ओर न जाएं।
मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पूवार्नुमान के मुताबिक आगामी पांच अप्रैल तक लाहौल-स्पीति सहित राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में बर्फ गिरने का अनुमान है।
बीते दिनों लाहौल-स्पीति में कई हिस्सों में हिमस्खलन हो चुका है। दरअसल लाहौल-स्पीति में बर्फबारी के बाद मौसम खुलने पर धूप खिलने से बर्फ पिघलती है, जिससे हिमखण्डों के गिरने की आशंका रहती है। हाल ही में लाहौल घाटी के ठोलंग और कोलंग गांव की निकटवर्ती पहाड़ियों पर हिमस्खलन हुआ था। इससे पहले पांच फरवरी को छीका गांव में हिमखण्ड गिरने की घटना सीमा सड़क संगठन के तीन मजदूर मारे गए थे।

## बस स्टैंड संतोषगढ़ से स्कूटी चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला ऊना में चोरियों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला संतोषगढ़ बस स्टैंड का है, जहां से एक पंजाब नंबर की एक स्कूटी चोरी हुई है। पुलिस ने स्कूटी मालिक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चरतगढ़ निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 27 मार्च को संतोषगढ़ बस स्टैंड में अपनी स्कूटी पार्क कर बस में सवार होकर आनंदपुर साहिब चले गए। शाम को वापिस लौटने पर पाया कि स्कूटी गायब थी, काफी तलाश के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चला।

# लाठियाणी में क्रिकेट प्रतियोगता शुरू, विधायक भुटटो ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के शहीद भगत सिंह मैमोरियल लाठियाणी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगता का आगाज कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगता में करीब 16 टीमें हिस्सा ले रही है। क्रिकेट प्रतियोगता के शुभारंभ पर पहुंचे विधायक भुट्टो का अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं खिलाडि ?ों द्वारा जोरदार

**8 प्रतियोगता का आगाज कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके शुभारंभ किया**

स्वागत किया गया। विधायक ने शहीद भगत सिंह मैमोरियल के सभी सदस्यों और अध्यक्ष दिनेश शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि नशे से दूर रहने और शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए ऐसे कार्यक्रमो का होना जरूरी है। भुट्टो ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग नशे के दलदल में धंसता जा रहा है, जो की चिंता का विषय है। भुटटो ने युवा वर्ग को संदेश देते हुए कहा कि युवा वर्ग खुद भी नशे से दूर रहे और समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। भुटटो ने कहा कि बहुत जल्द युवा वर्ग के लिए खेल मैदान भी बनाए जाएंगे, ताकि युवा वर्ग अपनी खेल प्रतियोगताएं और बढ़चढ़ कर करें। भुट्टो ने खिलाडि ?ों के लिए संस्था को 51 सौ रुपये की धनराशि भी प्रदान की।

# 37 वर्ष सेवा के बाद पंप ऑपरेटर अशोक कुमार हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जल शक्ति विभाग संतोषगढ़ में 37 वर्ष सेवाएं देने के बाद पंप ऑपरेटर अशोक कुमार सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्थानीय कनिष्ठ अभियंता कार्यालय से अधिकारियों और सहयोगी कर्मचारियों ने उनके लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया।
एसडीओ जसवंत सिंह, जेई अशोक कुमार व जेई रविन्द्र सैनी ने उनकी सेवाओं की सराहना की। पंप ऑपरेटर अशोक कुमार को भावी सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और विभाग की ओर से शाल, पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने पंप



ऑपरेटर अशोक कुमार के कर्तव्य निष्ठा से भरे लंबे कार्यकाल को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा बताया। इस मौके पर जल शक्ति विभाग से पवन कुमार, रणधीर शर्मा व अशोक कुमार के परिवारजनों में पत्नी राज रानी, तरसेम लाल बस्सन, बलराम महे, रामकिशन, कौशल्या देवी, रोशन लाल, गुलजारी लाल, जोगिंद्र पाल बस्सन, सुरेश कुमार, रमन कुमार, बीरबल, चरणदास, संदीप कुमार, सुनील, रंजना, पूनम, जतिंदर कुमार व अक्षय सहित स्टॉफ कर्मी मौजूद रहे।

# पीएनबी आरसैटी में ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पीएनबी आरसैटी ऊना कार्यालय में रविवार को उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक संदीप ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि वह बढ़-चढकर इस तरह के कार्यक्रम में हिस्सा लें तथा अपना व्यवसाय शुरू करें और अन्य लोगों को भी रोजगार का साधन प्रदान करें। पीएनबी आरसैटी ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज द्वारा



बताया गया कि 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को पीएनबी के सौजन्य से निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उन्हें बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने अनुरोध किया कि यदि कोई प्रतिभागी ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट के प्रशिक्षण में हिस्सा लेना चाहता है, तो वह शीघ्र अतिशीघ्र कार्यालय में आकर अपना पंजीकरण करवा लें।

## उड़ान समूह द्वारा छात्रवृति परीक्षा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के थानाकलां में रविवार को उड़ान समूह द्वारा उड़ान साइंस छात्रवृति टेस्ट का आयोजन किया गया।
इसमें जिला के जमा एक व दो कक्षा के लगभग 100 मेधावी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जो कि विभिन्न उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। यह प्रतियोगी परीक्षा मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा बायो के विशेषज्ञों द्वारा नीट एग्जाम तथा जेई एडवांस एग्जाम को मद्देनजर रखते हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वास्तविक एग्जाम से पहले एक अभ्यास का मौका उपलब्ध करवाने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई थी।

# श्री गुरु रविदास महासभा 14 को मनाएगी अंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

श्री गुरु रविदास महासभा जिला इकाई ऊना की बैठक रविवार को विश्रामगृह ऊना में जिला प्रधान शकुंतला संधू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर चर्चा की गई। जिला प्रधान शकुंतला संधू ने बताया कि 14 अप्रैल को एमसी पार्क के सामने ग्राउंड में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला भर से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अनुयायी हिस्सा लेंगे। उन्होंने



बताया कि इस शुभ अवसर पर महासभा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में डॉक्टर केआर आर्य, सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर मेला राम, सरोज, रामदास संधू, त्रिलोक संधू, रमेश बंगा, रामदास, बलविंदर कौर, हर्ष, रामपाल बस्सी, लक्ष्मी देवी, मनजीत, पवन कुमार, रोशन लाल, एडवोकेट नरेश कुमार व बलदेव चंद सहित अन्य उपस्थित रहें।

## न्यूज़ फ्लैश

### अजंना पंवार आज मिलेंगी पीड़ित परिवारों से

**पानीपत:** नूरवाला में सीवर की सफाई के दौरान 2 सफाई कर्मचारियों की मौत होने पर स्वयं संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार की उपाध्यक्ष अजंना पंवार ने न केवल हरियाणा के मुख्य सचिव व उपायुक्त पानीपत को पत्र लिखकर इस मामले में उचित कार्रवाही करने को कहा है बल्कि वह स्वयं पीड़ित परिवारों से मिलने 3 अप्रैल को पानीपत पहुंच रही हैं। यह जानकारी मनोज जोगी ने दी।

### अंत्योदय परिवारों व व्यापारियों के कल्याण के लिए सरकार ने शुरू किए पोर्टल: डीसी

**पानीपत:** हरियाणा सरकार की ओर से अंत्योदय परिवारों व व्यापारी समुदाय के कल्याणार्थ एक और पहल की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति तथा दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा पोर्टल शुरू किया है। डीसी सुशील सारवान ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश में दयालु योजना की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु,दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलेगा। दयालु स्कीम का लाभ केवल उन परिवारों को देय होगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक सीमित है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना के तहत आग, प्राकृतिक आपदा के कारण माल के स्टॉक के नुकसान के लिए पात्र लाभार्थियों को मुआवजा नियम व शर्तों के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को मुआवजे का प्रावधान किया गया है।

### उमंग पाठशाला परिसर में भट्टे की लेबर के बच्चों के लिए बनाई पाठशाला



**गन्नौर।** उमंग स्कूल ने समाज के हर बच्चे के लिए शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए नई पहल की। ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों के नौनिहालो के लिए उमंग पाठशाला परिसर में विद्यालय स्थापित कर नए सत्र का उद्घाटन किया। समाजसेवी अमित उर्फ मुन्ना जैन ने बताया कि इसमें दिशा ट्रस्ट का तो योगदान है ही वही भट्टे के मालिक शेखपुरा निवासी प्रवीन का भी विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से ही ये कार्य संभव हो पाया है। स्कूल को स्वयं अभिभावकों और बच्चों ने कच्ची मिट्टी से तैयार एक बिल्कुल प्राकृतिक वास बनाया है, जो आम जामुन के पेड़ों के बीचों बीच बना है। जिससे उसकी सुन्दरता देखते ही बनती है ताकि ईट, भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे उमंग टीम, बच्चों और दिशा के सदस्यों ने नए स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर सके। प्रवीन ने उमंग पाठशाला में बेहतर सहयोग करने पर अमित उर्फ मुन्ना की कार्यशैली की सराहना की।

### रविदास सेवा समिति ने भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने के लिए बैठक कर रूपरेखा तैयार की



**गन्नौर:** संत गुरु रविदास सेवा समिति गन्नौर द्वारा तारा गार्डन में सविधान निमार्ता डा. भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। तैयारियों को लेकर समिति के प्रधान दयानंद अहलावत के नेतृत्व में पूर्व प्रधान कर्मवीर भाटिया ,महासचिव जितेंद्र तूर, कोषाध्यक्ष राम दिया रंगा, पाले राम आदि लगे हुए है। प्रधान दयानंद अहलावत ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईआरटीएस भारत सरकार मेहर सिंह चालिया होंगे। कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को नगरपालिका रोड स्थित रविदास मंदिर में चर्चा करके कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की।

# सुमन चौधरी को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नौहझील की ब्लाक प्रमुख को दिया पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**

**नौहझील** ब्लॉक प्रमुख सुमन चौधरी को आगरा मंडल में बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड मिला है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा आगरा में दिया गया। नौहझील ब्लाक प्रमुख द्वारा क्षेत्र के अंदर कराए गए विकास कार्यों को देखते हुए यह पुरस्कार दिया गया है। नौहझील की ब्लाक प्रमुख सुमन चौधरी पूर्व में भी उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। ब्लाक प्रमुख द्वारा गांवों में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए फ्लोराइड मुक्त पानी की व्यवस्था शासन स्तर से प्रयास करके कराई गई थी। अहमदपुर, इनायतपुर,



पालखेड़ा, शहदगढ़ी, सकतपुर, रामनगला, खायरा, ईखू आदि गांवों में फ्लोराइड मुक्त पानी का प्रबंधन कर लोगों को इससे होने वाली बीमारियों से निजात दिलाई। इसके अतिरिक्त गांव मखदुमपुर में दो किलोमीटर दूर से मीठे पानी की पाइप लाइन ले जाकर गांव में मीठा पानी उपलब्ध कराया। इसी तरह समय समय पर ब्लॉक प्रमुख तमाम विकास कार्य करती रहती हैं। विभिन्न गांवों में सबमर्सिबल लगाकर पानी की टंकी स्थापित कराना, इंटरलॉकिंग सड़क बनाना और मनरेगा योजना के अंतर्गत विकास कार्यों को रफ्तार देना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहा है। रविवार को आगरा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ब्लाक प्रमुख सुमन चौधरी एवं खंड विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह को विकास कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर गदगद ब्लॉक प्रमुख सुमन चौधरी ने कहा कि वह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वह और उनके पति विधायक राजेश चौधरी हर समय लोगों के की समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

## पानीपत जन शिक्षण संस्थान की बैठक संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

जन शिक्षण संस्थान पानीपत विकास नगर की गली न.17 में बोर्ड आफ मैजेजमैंट मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के डायरेक्टर जसवंत कुण्डू ने मीटिंग का एजेंडा पेश किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संस्थान में 1800 विभिन्न प्रकार के कोर्स लाभार्थियों को सिखाए जायेंगे। जिसमें 120 लाभार्थी पीएम केवाई के तहत कौशल विकास मंत्रालय द्वारा कुशल बनाए जाएगें। वहीं संस्थान ने 900 अन्य लाभार्थियों को भी लाभ पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर उप चेयरमैन सुलेखा, संजना, दिनेश डीईओ, सतीश, सुलतान,संदीप,मुकेश व सुनीता ने भी अपने सुझाव दिए।

## गांव के युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की तरफ आकर्षित करना है: खेडा



**टीम एक्शन इंडिया/बापौली**

**गोयला खेडा** गांव युथ एवं स्पोर्टस कल्ब की और से खिलाडीयों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनीधी प्रवीन खेडा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और खिलाडीयों को खेल किट देकर सम्मानित किया। खेडा ने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य गांव के युवाओ को पढाई के साथ-साथ खेलों की तरफ आकर्षित करना है, ताकि गांव के युवा बुरी आदतों से बच सके और शिक्षा के साथ-साथ खेलों के माध्यम से भी अपने माता-पिता, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। उन्होने खिलाडीयों का आवाहन किया कि वो शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ चढ कर भाग ले और इस दौरान उन्हे कोई परेशानी आती है तो उन्हे बताएं, ताकि समय पर उनकी समस्या का समाधान किया जा सकें। इस दौरान उन्होने कहा कि खेल नर्सरी की और विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर नीरज कोच, बलराज, सोनू व संदीप रावल आदि अनेक मौजूद थें।

### रेत सप्लायर के मुनीम व चालक को पिस्तौल दिखाकर नकदी लूटी

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में रेत सप्लायर के मुनीम व चालक को से पिस्तौल पर नकदी लूटने व रंगदारी मांगने के आरोप का मामला सामने आया है। शिकायकर्ता ने पांच युवकों पर वारदात को अंजाम देने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों की तलाश के प्रयास कर रही है। मदीना हाल में एपैक्स ग्रीन निवासी सुमित ने बताया कि वह कुंडली से रेत की खान से रेत खरीदकर स्टॉक विक्रेताओं को रेत सप्लाई करता है। उसके पास चार ट्रक रेत सप्लाई करने के लिए है। गत 31 मार्च को उसके ट्रकों में रेत भरकर चालक अदसपुर खान से चले थे।

## तीसरी बार भी केंद्र व प्रदेश में बनेंगी भाजपा सरकार: भाजपा नेता

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा की ही सरकार बनेगी। विपक्षी पार्टियों के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, विपक्ष सिर्फ हरियाणा के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन प्रदेश की जनता अब विपक्ष के झांसे में नहीं आएंगी। यह बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता व ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री रामकंवार सैनी ने कही। वरिष्ठ भाजपा नेता रामकंवार सैनी ने कहा कि साढे आठ साल के शासन काल के दौरान भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश में ईमानदारी की मिशाल पेश की है, गरीब व प्रत्येक वर्ग के लिए भाजपा सरकार ने कई




कल्याणकारी योजनाएं शुरू कर रखी है, जिनका प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है। भाजपा नेता व ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री रामकंवार सैनी ने कहा कि कांग्रेस नेता अब दिन में ही सपने ले रहे है कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी, लेकिन यह सिर्फ सपना ही रहेगा। प्रदेश की जनता पूरी तरह से भाजपा के साथ है और चालीस साल तक भाजपा की ही प्रदेश में सरकार रहेगी। भाजपा नेता व ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री रामकंवार सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर लोगों के जीवन में सुधार लाया है।

## 46 महिलाओं की निशुल्क ब्रेस्ट कैंसर की जांच की गई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सीता** अस्पताल में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर द्वारा दा कैंसर फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के लिए निशुल्क ब्रेस्ट कैंसर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डा. सीता अस्पातल की महिला रोग विशेषज्ञ सुनिरा जैन के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं की जांच की गई। कैम्प में 46 महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया ,इनमें से 23 महिलाओं ने स्तन कैंसर से संबंधित सम्पूर्ण जांच कराई। शिविर में 23 महिलाओ की निशुल्क मेमोग्राफी भी की गई। डा. सुनिरा जैन व सीता अस्पताल के संचालक डा. संजय जैन ने शिविर में जांच कराने आई



महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि जीवनशैली के अन्य जोखिम कारकों में शराब का उपयोग, शारीरिक निष्क्रियता, मोटापा और कम समय के लिए स्तनपान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर के कई स्तर होते है। हर एक चरण कैंसर के फैलाव को दशार्ता है, जहां अंतिम चरण मेटास्टेसिस को शरीर के अन्य भागों में दशार्ता है। अंतिम चरण बहुत खतरनाक है और इसमें जिंदा रहने की उम्मीद

**8 कैम्प में 46 महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया ,इनमें से 23 महिलाओं ने स्तन कैंसर से संबंधित सम्पूर्ण जांच कराई**

बहुत कम होती है। खुद से की गई स्तन परीक्षण किसी भी असामान्य परिवर्तन की जांच करने में मदद करेगी। ऐसा होने पर महिलाओं को तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान राकेश रूहल, सचिव प्रीतम आहूजा, अतुल जैन, राजेश जैन, विकास जैन, राकेश सिंदवानी, संजीव गुप्ता, वी ओढ़ बंसल, अमित जैन, संजय चांदना सहित सीता अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### छात्रा का फ्लैट से लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित एस्पानिया टावर फ्लैट में कमरे से छात्रा का लैपटॉप चोरी हो गया। छात्रा ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-33 गुरूग्राम हाल में एस्पानिया टावर स्थित फ्लैट निवासी साक्षी ने बताया कि वह मुरथल विवि में बीएससी की छात्रा है। वह अपनी पढ़ाई के लिए अपने कमरे में लैपटॉप रखती है। गत 4 मार्च को अपने कमरे का ताला बंद करके घर से चली गई। वह 14 मार्च को वापिस कमरे पर आई।

### एक व्यक्ति पर तेजधार हथियार से हमला कर धमकी दी

**गन्नौर: घर** से हुक्का पीकर घर की तरफ आ रहे राजपुर गांव में एक व्यक्ति पर तेजधार हथियार से हमला कर धमकी दी के मामले में पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव के सुभाष ने का आरोप है कि गांव के निशांत नाम के युवक पर लगाया है। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। उसके बाद जब उसकी हालत में सुधार हुआ तो घायल युवक ने एचएसआईआईडीसी बड़ी पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस को शिकायत में सुभाष ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसका बेटा विकास अपने निजी काम से कार लेकर कामी गांव में गया था। वापिस गांव में आया तो निशांत ने उसके साथ कहासुनी कर झगड़ा करने पर उतारू हो गए। किसी तरह आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कराया। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद जब शाम के समय गांव में काला के घर पर हुक्का पीकर आ रहा था। तो आरोपी निशांत ने तेजधार हथियार से ताबड़तोड़ हमला करने के साथ ही धमकी देकर फरार हो गया।

### लूटेरे मोटरसाईकिल सवार से मोबाईल फोन छीनकर फरार

**गन्नौर: नेशनल** हाईवे पर बड़ी औद्योगिक थाना के अन्र्तगत अज्ञात लूटेरे मोटरसाईकिल सवार युवक की जेब से चलते समय मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। युवक ने लूट के मामले में पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में विकास नारायण पुत्र होशियार सिंह गांव न्यात ने बताया कि समालखा के पट्टी कल्याणा से वह अपनी पत्नी मधु को दवाई दिलाने के बाद मोटरसईकिल पर सवार होकर ससुराल जैनपुर गांव आ रहा था। जब वह बड़ी गांव के पास रिलायंस पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए और जेब से मोबाइल फोन छीनकर ले गए। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि मोबाइल में दो सिम डले होने के साथ ही कवर के पीछे आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस था।

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जाजल में संदिग्ध हालत में विवाहिता का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मृतका की मां के बयान पर ससुराल पक्ष के छह सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अलीपुर अटेरना उत्तर प्रदेश निवासी मुमत्याज ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी बेटी कासमी का निकाह चार साल पहले गांव जाजल निवासी फरमान के साथ किया था। निकाह के बाहर से ही उनकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।

## जन सेवा दल ने बांटा 300 गरीब परिवारों को राशन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

ब्रह्मलीन स्वामी विशुद्धानंद जी महाराज की प्रेरणा से जन सेवा दल द्वारा आज मासिक राशन वितरण समारोह में 300 जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन वितरण किया गया। मुख्य अतिथि वरुण विज चिंटू व सह अतिथि मदन डूडेजा समाजसेवी द्वारा राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि पंकज वशिष्ठ ने कहा कि सेवा ही जीवन को सफल बनाती है व सेवा से प्रभु के साक्षात दर्शन होते हैं समारोह में चमन गुलाटी ने बताया कि 28 अप्रैल को देवी मंदिर में साध्वी पूर्णिमा एक



शाम ठाकुर जी के नाम अस्थि विसर्जन हेतु सभी श्रद्धालु अंतिम विदाई के लिए ठाकुर जी के चरणों में प्रार्थना करें। वहीं 29 अप्रैल को गंगा स्नान के लिए बुजुर्ग माताओं को निःशुल्क हरिद्वार लेकर जाएगी और 30 अप्रैल को हवन पाठ के बाद गंगा तट पर उनका विसर्जन किया जाएगा और सभी साधु-संतों को लंगर खिलाया जाएगा। वहीं आज भी राशन उपरांत सभी को लंगर खिलाया गया। उन्होंने बताया कि जन सेवा दल पिछले 40 वर्षों से यह सेवा का कार्य कर रहा है। सेवा के कार्य में सभी शहरवासी ,गांव वासी, समाजसेवी व मीडिया का भी विशेष सहयोग रहता है। आज की सेवा के कार्य में प्रधान कृष्ण मनचंदा, चमन गुलाटी, युधिस्टर शर्मा, राजकुमार मनोचा, अशोक मिगलानी, कपिल मल्होत्रा, अशोक कपूर, राकेश गांधी, फौजी हुकम चंद मेहता, लेखराज जताना व सभी जन सेवा दल के सेवादारों ने मिलकर सेवा की।

## रोहतक की पहरावर भूमि पर मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बापौली**

**बापौली** गांव स्थित भगवान परसुराम धर्मशाला में ब्राहमण समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्राहमण समाज के नवनियुक्त बापौली ब्लांक प्रधान सुनील शर्मा मिजार्पुर ने की, जबकि मंच का संचालन विनोद शास्त्री छाजपुर कलां ने किया। इस दौरान ब्राहमण सभा के जिला प्रधान रामरत्न शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त व जिला परिषद चैयरमेन ज्योति शर्मा के पति प्रदीप शर्मा बिहोली व जिला पार्षद नारायण दत्त शर्मा ने अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शिरक्त की। इससे पूर्व उपस्थित सभी का पगंडी पहनाकर फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान ब्राहमण सभा के जिला प्रधान जिला प्रधान रामरत्न शर्मा ने कहा कि



आगामी 23 अप्रैल को सभी 36 बिरादरी के भाईचारे के साथ रोहतक की पहरावर भूमि पर भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी और हैलीकॉप्टर से फूलों की बारिश भी की जाएगी। शर्मा ने कहा कि सरकार को पता चलना चाहिए कि ब्राहमण समाज भीख मागंने वाला समाज नही है बल्कि 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाला समाज है। उन्होने कहा कि जो पण्डितों पर जाति बांटने का आरोप लगाते है वो अपने गिरेबान में देख ले क्योकि पंडितो ने हमेशा 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने का काम किया है, किसी भी शुभ कार्य पर पण्डितो द्वारा बताए गए रास्ते पर चल कर ही 36 बिरादरी के लोगों से तैयार सामान का प्रयोग किया जाता है, ताकि भाईचारा व प्यार प्रेम कायम रह सकें। उन्होने मंच से खेल शब्दों में एलान किया कि अगर कोई ब्राहमण धर्मशाला या चौपाल में समाज के लिए निशुल्क कोचिंग सैटर चलाना चहाता है तो उन्हे बताए, संस्था हर प्रकार से उसका सहयोग करेगी। साथ ही उन्होने कहा कि संस्था का आजीवन सदस्य बनने के लिए सदस्यता अभियान चला हुआ है कोई भी समाज का व्यक्ति सदस्यता शुल्क देकर आजीवन सदस्य बन सकता है। वो नशे जैसी बुरी आदतो से दूर रहे और शिक्षा व खेलों की तरफ आगे बढे ताकि वो अपने लक्ष्य का प्राप्त कर सकें। उन्होने कहा कि देश की तरक्की में ब्राहामण समाज का बढा ही योगदान रहा है। इस मौके पर बाबूराम कौशिक,जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, देवेन्द्र पण्डित, रामचन्द्र, रामनिवास परडाना, सुनील शर्मा पट्टीक ल्याणा, राधेश्याम छदिया, नन्हेडा सरपंच नवीन शर्मा,ताजपुर पूर्व सरपंच दलीप शर्मा, विनोद शर्मा नरायाणा, अशोक शर्मा छदिया, मा.अशोक शर्मा हथवाला,नरेश शास्त्री, नारयण दत्त शर्मा, विनोद शास्त्री, एनडी शर्मा, रणजीत शर्मा, जयदेश शर्मा, पूर्व सरपंच पालेराम पसीना, पूर्व वाईस चैयरमेन जयप्रकाश शर्मा, देवीरा शर्मा बापौली, इन्द्र शर्मा बापौली, प्रो.डा. विजय शर्मा, मा.अजय शर्मा, विपिन कौशिक,सिदार्थ बिहौली आदि अनेक मौजूद थें।

## पानीपत के श्री निराला धाम शिव मंदिर प्रांगण में वार्षिक उत्सव 7 अप्रैल से

**8 वार्षिक उत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को श्री निराला धाम में सभी सदस्यों की मीटिंग हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत की बिशनसरूप कालोनी स्थित श्री निराला धाम शिव मंदिर प्रांगण में 14वां वार्षिक उत्सव 7 से लेकर 9 अप्रैल तक मनाया जाएगा। वार्षिक उत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को श्री निराला धाम में सभी सदस्यों की मीटिंग हुई और तैयारियों की अंतिम रूप दिया गया। वहीं प्रेस प्रवक्ता हरीश मल्होत्रा ने बताया के वार्षिक उत्सव



समारोह में हरिद्वार से पूज्य सतगुरु देव आशा भारती जी महाराज, मुरथल से स्वामी 1008 दयानंद जी सरस्वती, पानीपत से श्री नाथ जी ब्रह्मरिषी महाराज, प्रेम मंदिर से महाराज 1008 कांता देवी जी अपने प्रवचन द्वारा अमृत वर्षा करेंगे। इस कार्यक्रम में 108 कन्या पूजन, 108 ब्राह्मण पूजन, गौ पूजन एवं नर सेवा के तहत कंबल वितरण आदि एवं सत्संग के तीनों दिन लंगर की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर प्रधान सतीश अग्घी, जोगिंद्र चानना ,विशाल खुराना, अमित मल्होत्रा, दीपक मल्होत्रा, किशोर वर्मा, मुख्य पुजारी, बिट्टू, कैलाश लुथरा व राजेश अग्घी आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# राष्ट्र और नेशन में फर्क समझिए

**हिन्दू** राष्ट्र सम्प्रति चर्चा में है। भारत विश्व का पहला राष्ट्र है। यूरोप के देशों में नेशन और नेशनेलिटी का जन्म 9वी-10वीं सदी में हुआ। भारत में राष्ट्रभाव का उदय ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन हो सकता है। ऋग्वेद में राष्ट्र शब्द का कई बार उल्लेख हुआ है। राष्ट्र के लिए अंग्रेजी में कोई समानार्थी शब्द नहीं है। राष्ट्र की अवधारणा भिन्न है और नेशन की बिल्कुल भिन्न। राष्ट्र और नेशन एक नहीं हैं। इतिहास के मध्यकाल तक पश्चिम में नेशलिज्म या राष्ट्रवाद जैसा कोई विचार नहीं था। ऋग्वेद (8.24.27) में मंत्र है कि इन्द्र ने सप्तसिन्धुसु में जल प्रवाहित किया। सप्त सिंधु 7 नदियों के प्रवाह वाला विशेष भूखण्ड है। इसकी पहचान 7 नदियों से होती है। वैदिक साहित्य के विवेचक मैक्डनल और कीथ ने लिखा है कि यहां एक सुनिश्चित देश का नाम लिया गया है। पुसाल्कर ने नदी नामों के आधार पर इस देश की रूपरेखा पर विचार किया है। इसमें अफगानिस्तान, पंजाब, सिंध, राजस्थान, पश्चिमोत्तर सीमांत, कश्मीर और सरयू तक का पूर्वी भारत सम्मिलित हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के मन मस्तिष्क में तमाम नदियों वाले इस भूखण्ड के प्रति अतिरिक्त प्रीति थी। वे इसे बार-बार याद करते हैं। नदियों में जल प्रवाह हैं जल के बिना जीवन नहीं। वे एक अन्य मंत्र (1.32.12) में सात नदियों के जल प्रवाह का श्रेय इन्द्र को देते हैं। इन्द्र इन नदियों में जल प्रवाहित करते हैं तो सविता देव कैसे पीछे रह सकते हैं। ऋषि कहते हैं सविता ने 7 नदियों को प्रकाश से भर दिया है। (1.35.8) सात नदियों की आराधना करने वाले इस भूखण्ड के निवासी सभी राष्ट्र है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने सही लिखा है जिस देश में ऋग्वेद की सात नदियां बहती हैं, वह लगभग वही देश है जिस में जल-प्रलय के बाद, भरत जन के विस्थापित होने के बाद, हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ। यह देश प्राचीन काल का, ऋग्वेद और हड़प्पा के पश्चात काल का भी, बहुत दिनों तक संसार का सबसे बड़ा राष्ट्र था। सरस्वती इसके जनपदों के पारस्परिक संपर्क का साधन थी। हड़प्पा नगरों की राष्ट्रीय एकता उनकी सामान्य वास्तुकला, मुद्राओं आदि की समानता से जानी जाती है। इस राष्ट्रीय एकता की नींव ऋग्वेद के कवियों ने डाली थी। इन कवियों के लिए राष्ट्र केवल भूमि नहीं है, उस पर बसने वाले जन राष्ट्र हैं। (भारतीय नवजागरण और यूरोप पृष्ठ 87-88) भारत दुनिया का पहला राष्ट्र है। यह अनुभूति ऋग्वेद में है। दुनिया की अर्थशास्त्र की पहली पुस्तक कौटिल्य ने लिखी थी। इसकी तुलना मैक्यावलि की प्रिंस से की जाती है। दुनिया का पहला व्याकरण पाणिनि ने यहीं लिखा। गणित का अविष्कार भारत में हुआ। यह बात एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में है। संगीत के 7 सुरों की पहचान भारत में हुई। नाट्यशास्त्र पर पहली पुस्तक यहीं भरत मुनि ने लिखी। योग सूत्रों की खोज भी भरत में हुई। चिकित्सा विज्ञान का जन्म और विकास भारत में हुआ। ऋग्वेद में इसके साक्ष्य हैं। ऐसे सभी विषय हम सब को राष्ट्रीय गौरवबोध से भरते हैं। कुछ विवेचक आर्थिक गतिविधियों व्यापार प्रसार आदि को राष्ट्रभाव के उदय का कारण मानते हैं। आर्थिक सम्बंधों के प्रभाव निस्संदेह सामूहिक जीवन पर भी पड़ते हैं लेकिन एक समान जीवन शैली, रीति प्रीति और संस्कृति के प्रभाव ज्यादा गहन होते हैं।

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम

**योगेश कुमार गोयल**

> "एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था। ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है"

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर नए-नए इतिहास रच रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं और अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान एलएमवी3 (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी माह में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है।



वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है। एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है। वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लांच करने का लक्ष्य रखा गया है। एस सोमनाथ का कहना है कि वह गगनयान मिशन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर काफी प्रसन्न हैं। भारत ने अपने ही बलबूते पर लंबे समय से अंतरिक्ष में अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें सफलता के जरिये स्वयं को एक मजबूत केन्द्र के रूप में विश्व के समक्ष साबित किया है। भारत ने विश्व के अन्य देशों के मुकाबले विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर उच्चस्तरीय कार्यों के जरिये वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में बेहतर और सुरक्षित विकल्प पूरी दुनिया को दिया है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले में कई देशों और अतंरिक्ष कम्पनियों का भरोसा अब इसरो की वाणिज्यिक शाखा पर बढ़ रहा है।

बहरहाल, अंतरिक्ष की दुनिया में इसरो जिस प्रकार लगातार सफलता का परचम लहरा रहा है, उससे अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में विश्वभर में भारत का दबदबा और मान निरन्तर बढ़ रहा है। इसरो के ऐसे सफल मिशनों की बदौलत भविष्य में इसरो को आर्थिक लाभ तो होगा ही, अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिकों का दम भी देखेगी और इससे दुनिया के छोटे देश भी अपने अभियानों के लिए भारत की ओर आकर्षित होंगे, जो निश्चित रूप से भारत की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। इसरो ने वनवेब के 36 उपग्रहों के साथ एलवीएम-3 की नवीनतम उड़ान से जरिये अब जो उपलब्धि हासिल की है, उससे भी अंतरिक्षीय प्रयोगों के मामले में दुनिया की नजर में भारत की अहमियत एक बार फिर से स्थापित हुई है। उनका अंतरिक्ष कार्यक्रम पिछड़ रहा है, वहीं इसरो लगातार सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। यही कारण है कि अपने उपग्रहों के अतंरिक्ष में प्रक्षेपण के लिए दुनिया अब बड़ी उम्मीदों से इसरो का रूख कर रही है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और सामरिक मामलों के जाने-माने विश्लेषक हैं)**

## कविता

उन के बिन गर्दिशे रोजो शब देखिए
मुझ पे ढाती है क्या क्या गजब देखिए

मैं ने जो माँगा उस ने अता कर दिया
महबाँ मुझ पे है कितना रब देखिए

हुस्न में क्या बला का है आया निखार
उस को आ कर जरा आप अब देखिए

सुर्ख रुखसार होते हैं क्या दीदा जेब
जब वो गुस्से में हो उस को तब देखिए

ऐसे कैसे भला मान जाएगा वो
उस की नाराजगी का सबब देखिए

मर के भी जिन्दा हैं गालिब, इकबाल, मीर
ये है मेयारे इल्मो- अदब देखिए

क्या वो खुशियों का तावीज है पा गया
हँसता ही रहता है उस को जब देखिए

तब चले गा पता कितने फय्याज हैं
उन से कुछ आप कर के तलब देखिए

**जकी तारिक**

# कामदेव के पूजन का उत्तम दिवस अनंग त्रयोदशी

**अशोक प्रवृद्ध**

**भारतीय** संस्कृति में प्रेम, काम, वासना और रूप के देव माने जाने वालेकाम के देवता कामदेव को पूजनीय माना गया है। कामदेव को भारतीय सभ्यता- संस्कृति और अध्यात्म में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।प्रेम का देवता मानकर कामदेव की अत्यंत प्राचीन काल से पूजा- अर्चना किये जानेकी लम्बी परिपाटी भारत में रही है। वर्तमान में भी प्रेम प्राप्ति, और प्रेमी- प्रेमिका के सम्बन्ध को मधुरमय बनाने तथा पति- पत्नी के दाम्पत्य सम्बन्ध को प्रेममयी बनाये रखने के लिए कामदेव के पूजन- अर्चा की परिपाटी है। प्राचीन काल से ही भारत में काम को निकृष्ट नहीं मानकर उसे दैवी स्वरूप प्रदान किया गया है। और उसे कामदेव के रूप में मान्यता दी गई है।भगवान शिव के द्वारा अपनी क्रोधाग्नि में काम को भस्म करने के बाद उसे अनंग रूप में पुनः जीवित करना उसकी विकृतता की नहीं, बल्कि महता को स्थापित करता है।यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में काम का साहचर्य उत्सव मनाने योग्य माना गया है। जब तक काम मयार्दा में रहता है, उसे भगवान की विभूति माना जाता है, लेकिन जब और जैसे ही वह मयार्दा छोड़ देता है तो आत्मघाती बन जाता है, शिव का तीसरा नेत्र (विवेक) उसे भस्म कर देता है। भगवान शिव द्वारा किया गया काम-संहार का मूल भाव यही है। कामदेव के पूजन का उत्तम दिवस अनंग त्रयोदशी है, जिसकी पौराणिक कथा भी शिव के इसी कथा से जुडी हुई है। पौराणिक कथाओं के अनुसारप्राचीन काल में एक समय तपस्यारत भगवान शंकर को उनके सत्पथ से विचलित करने के लिए राजाधिराज सम्राट इन्द्र को विशेष चिन्ता हुई । अपने स्वार्थ-साधन के लिए उन्होंने कामदेव से मिलकर शिव के तपोभंग का जाल रचा तथा कनक और कामिनी की विकार-संचारी मोहिनी का उपयोग किया। देवताओं के कहने पर कामदेव ने अपने पुष्प बाण के उपयोग से जब शंकर की तपस्या भंग करनी चाही, तो शंकर ने अपनी तृतीय नेत्र खोलकर अग्नि तेजस उत्पन्न किया। उससे जलकर कामदेव भस्म हो गया था।परन्तु काम की महता और कामदेव की पत्नी रति के रूदन, अनुनय-विनय व देवताओं के कहने पर शंकर ने कामदेव को पुनः अनंग रूप में जिन्दा कर दिया। मान्यता है कि भगवान शंकर के द्वारा तृतीय नेत्र खोलने पर कामदेव भस्म हो गए, परन्तु उनकी पत्नी रति के अति विलाप से करुणाद्रित होकर शंकर के वरदान से कामदेव का अनंग रूप में पुनर्जन्म तथा उनकी पत्नी रति के साथ पुनः मिलन हुआ था। मान्यता है कि कामदेव का अनंग रूप में यह पुनर्जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को ही हुआ था, इसलिए इस तिथि को कामदेव का पूजन किये जाने की परिपाटी है। पुराणों में भी इनके पूजन का उत्तम दिन अनंग त्रयोदशी को माना गया है।अनंग त्रयोदशी का व्रत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है।इसके अतिरिक्त मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि में आता है।

## विचार

# त्यौहारों पर होने वाले दंगे देश की एकता के लिए घातक

**अशोक भाटिया**

**रामनवमी के** जिस त्योहार पर राम-राज्य की संकल्पना याद आती थी, उसी तिथि पर देश सांप्रदायिक झड़पों की भेंट चढ़ रहा है। देश के कई शहरों में भीषण बवाल हुआ है। पश्चिम बंगाल में हिंसक झड़पों की शुरूआत के बाद गुजरात और महाराष्ट्र जैसे भी राज्य भी दंगे की चपेट में आए। राजधानी दिल्ली में भी तनाव देखने को मिला। इन राज्यों में हुए बवाल की शुरूआत मामूली बहस से ही हुई लेकिन अंजाम हिंसक हो गया। बिहार के रोहतास और नालंदा जिले के मुख्यालय क्रमशः सासाराम और बिहार शरीफ में रामनवमी की शोभायात्रा खत्म होने ही वाली थी, तभी दोनों शहर धधक उठे।ऐसा नहीं है कि सिर्फ पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और दिल्ली में ही स्थितियां तनावपूर्ण रहीं। योगी राज में उत्तर प्रदेश में भी कुछ ऐसा ही नजारा नजर आया, बस हिंसक झड़प नहीं हुई। लखनऊ और मथुरा जैसे शहरों में भी तनावपूर्ण स्थिति नजर आई। दरअसल देश में हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सभी के त्यौहारों का सीजन चल रहा है, कायदे में तो अधिकांश लोगों को कम से कम इस दौर में पूजापाठ इबादत में व्यस्त होना चाहिए था, लोगों के लिए गलत कार्य करने पूर्ण रूप से वर्जित होने चाहिए थे लेकिन इस वक्त देश की राजधानी दिल्ली से लेकर के देश के अलग-अलग शहरों में रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव के धार्मिक जुलूसों पर पथराव के चलते जबरदस्त ढंग से हंगामा बरपा हुआ है। देश में धर्म पर आधारित राजनीति चंद दिनों में ही अपने अधर्म के चरम पर पहुंच गयी है हालांकि इन हंगामा बरपाने वाले देशद्रोही लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी शासन-प्रशासन के द्वारा लगातार चल रही है, कहीं पर दंगा फसाद में शामिल लोगों के घरों पर सिस्टम बुलडोजर चलवा रहा है, कहीं इन देशद्रोही लोगों पर एनएसए तक लगाई जा रही है। वैसे देखा जाये तो दिलोदिमाग को बुरी तरह से झकझोर देने वाली दंगा फसाद की स्थिति देश में ना जाने क्यों अब आयेदिन बनने लग गयी है, यह स्थिति देश के नियम कायदे, कानून व तरक्की पसंद देशभक्त देशवासियों को बहुत ज्यादा चिंतित करने का कार्य कर रही है। क्योंकि यह देशभक्त लोग तो दिन-रात मेहनत करके देश के विकास को एक नयी तेज रफ्तार देने का कार्य करते हैं, वहीं देश के अंदर छिपे हुए बैठे चंद देशद्रोही अराजक तत्व कभी जाति, कभी धर्म, कभी अमीर, कभी गरीब, कभी शहर, कभी गांव, कभी मोहल्ले, कभी भाषा, कभी वेशभूषा, कभी पहाड़, कभी मैदान, कभी प्रदेश आदि के नाम पर लोगों की बीच मतभेद पैदा करके उनको आपस में लड़वा कर उन्माद फैलाने का कार्य करते हैं। लेकिन सबसे बड़े अफसोस की बात तब होती है जब देश व समाज के हित में आयेदिन मंचों से सार्वजनिक रूप से बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पक्ष विपक्ष के चंद राजनेता भी अपने एक क्षणिक राजनीतिक स्वार्थ के लिए इन देशद्रोही अराजक तत्वों को पूरा संरक्षण देने का कार्य करते हैं। आज के समय में सभ्य समाज के लोगों के सामने विचारणीय प्रश्न यह है कि देश में जिस तरह से दिन-प्रतिदिन तेजी के साथ ऐसे हालात बनते जा रहे हैं कि बिना सिर पैर की बातों को लेकर भी एक ही पल में दंगा फसाद शुरू हो जाता है, वह स्थिति देश व समाज हित के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है और उस पर तत्काल लगाम लगाने की आवश्यकता है। आज समय की मांग है कि देश के विकास की तेज गति को अनवरत बरकरार रखने के लिए देशहित में तत्काल जाति-धर्म के नाम पर होने वाले आयेदिनों के हंगामे, दंगा-फसाद, उन्माद, तुष्टिकरण व धार्मिक कट्टरवाद पर शासन व प्रशासन का सख्ती से नियंत्रण करना बेहद आवश्यक है?।

हाल के कुछ दिनों में घटित या फिर पूर्व में घटित घटनाओं के समय उत्पन्न हालात का निष्पक्ष रूप से आंकलन करें, तो देश में अब वह समय आ गया है कि जब केन्द्र व प्रत्येक राज्यों की सरकारों को अपने वोट बैंक की राजनीति को तत्काल त्याग कर लोगों को देश व समाज के हित में नियम कायदे व कानून का सख्ती से पालन करने के लिए बाध्य करना ही होगा, उनको देश में पूर्ण अनुशासित ढंग से रहना सिखाना ही होगा। वैसे भी देश में अब वह समय आ गया है जब सरकार व सिस्टम को लोगों को प्यार से व पूर्ण सख्ती के साथ जो व्यक्ति जिस भाषा में समझें उसे समझना होगा कि हमारा प्यारा देश संविधान से चलता है ना कि किसी भी जाति या धर्म के धार्मिक ग्रंथ से चलता है, इसलिए जिस व्यक्ति को भी भारत देश में रहना है उसके लिए संविधान के द्वारा तय नियम कायदे कानून व व्यवस्था सर्वोपरि है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# असली कुत्ता कौन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**भौ-भौ पार्टी** के आलाकमान का माथा ठनका हुआ था। उन्होंने नोटिस जारी कर सभी कुत्तों को आपातकालीन बैठक में भाग लेने के लिए कहा। सड़कों, नालों, घरों, और खंभों के ईर्द-गिर्द रहने वाले सारे डॉगी दौड़े-दौड़े बैठक में आ धमके। आलाकमान के मुखिया भौभौराज का चेहरा तमतमा रहा था। तमतमाते चेहरे बहुत लंबी बैठक के आदी होते हैं। सो, भौ-भौ पार्टी के सभी सदस्य ऐसे लेट गए जैसे बहुमत की सरकार कुर्सी से चिपक जाती है। दुनिया भर को डराने वाले डॉगी आज खुद डर के मारे थरथरा रहे थे। आशंका जताई जा रही थी इस डर के पीछे लश्कर-ए-इंसान आतंकवादी संगठन का हाथ है। भौ-भौ पार्टी के नेता भौभौराज ने लंबी सी जबान बाहर निकालते हुए भाषण देना आरंभ किया झ ये इंसान भी बड़े गजब के प्राणी हैं। सिर का जंजाल बनकर बैठ गए हैं। खुद को खूब भौंकते हैं और हमें भौंकने से मना कर देते हैं। इन्हें भौंकना, चाटना, सहलाना, जी हुजूरी करना, रंग बदलना सब आता है और हमें भौंकने के सिवाय कुछ नहीं आता है। कम से कम हमारा भौंकना तो हमारे लिए छोड़ सकते हैं। नहीं वे ऐसा नहीं करेंगे। ऐसा करने से उनकी शान में बट्टा लग जाएगा। हमने इनका क्या बिगाड़ा है जो हमारे जानीदुश्मन बन गए हैं। सभी जीवों यहाँ तक कि जड़ वस्तुओं की पूजा करने वाले न जाने क्यों हमारे पीछे पड़े रहते हैं, जैसे हमने इनका हक मार लिया हो। बार-बार हमारे नाम पर गाली-गलौज करते हैं। कमीने के लिए कुत्ता शब्द, दुश्मन के लिए कुत्ते मैं तेरा खून पी जाऊँगा और न जाने क्या-क्या अनाप-शनाप बकते रहते हैं। उन्हें कौन समझाए कि लश्कर-ए-इंसान से भला कोई हक मार पाया है, जो हम मार पायेंगे! हक मारने की कला तो उनके खून में बसती है। वैसे हम एक-दो छोटे-मोटे चूहे बिल्ली खाकर ही बड़े खुश हैं। इतना बोलते-बोलते भौभौराज साहब अचानक से रुक गए। देखते ही देखते आँखों से आँसुओं की लड़ी झरने लगी। फफक-फफकर रोने लगे। फिर खुद को संभाला और कहा झ कोई हम से हमारा निवाला छीन ले तो हम उसे माफ कर सकते हैं। कोई हमारे रहने का ठिकाना बर्बाद कर दें तब भी हम चुप रह सकते हैं।

# अब हमें वैश्विक नेतृत्व की ओर प्रभावी कदम बढ़ाना होगा

**संजीव**

**हम** स्वाधीनता का अमृत महोत्सव वर्ष मना रहे हैं हैं पर इस अमृत महोत्सव के पीछे हमें यह नहीं भूलना है कि भारत देश अब एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। अब समय आ गया है कि भारत के तमाम बुद्धिजीवियों,नौजवानों के वैज्ञानिकों और शिक्षित देशवासियों को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की क्षमता को द्विगुणित करना होगा और विश्व के एक प्रबल नेता की तरह हमें अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी होगी। कई वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेको जीवन का बलिदान देने और विभिन्न कठोर संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस स्वतंत्रता और स्वाधीनता के मूल्य और इसकी अंतर्निहित शक्ति को देश के नौजवानों,शिक्षित नागरिकों को आत्मसात कर इसे पहचानना होगा' समाज के हर वर्ग की खून पसीने और पीढीयों के संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। स्वतंत्रता के महत्व को समझ कर भारत को वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम मुकाम पर पहुंचाना होगा तब जाकर स्वाधीनता के सही मायने फलीभूत होंगे।

हमें स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदान को किसी भी क्षणों में नहीं भुलाना चाहिए, हमें हाथ में रखकर किसी ने परोस के स्वतंत्रता नहीं दी है, इसके लिए बहाये हुए खून पसीने को विश्मृत न कर के इस की आन बान शान को हमेशा ऊंचा रखना होगा। कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए इसके लिए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी, तेलगु, और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा।
































## बंगाल में बीजेपी नेता राजू झा की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में शनिवार रात कुछ बदमाशों ने भाजपा नेता राजू झा की गोली मारकर हत्या कर दी। राजू अपने कुछ साथियों के साथ कोलकाता जा रहे थे। वे शक्तिगढ़ में हाईवे के किनारे एक दुकान पर रुके थे। इसी दौरान एक गाड़ी में आए हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। हमले में उनका दोस्त ब्रातिन मुखर्जी गंभीर रूप से घायल हो गया है। राजू की हत्या पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी पर पक्षपात करने और अपने भाषणों से हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की मिसाल हैं।

**हमलावरों ने 5 राउंड फायर किए थे:** पूर्व बर्धमान के एसपी कामनाशीष सेन ने बताया कि राजू झा, दुकान के बाहर अपनी गाड़ी में ही बाकी लोगों का इंतजार कर रहे थे। इस बीच वहां हमलावर आए, उनमें से एक ने कार का शीशा रॉड मारकर तोड़ दिया। इसके बाद राजू पर 5 राउंड फायर कर दिए। इससे राजू वहीं बेसुध हो गए। हालांकि हॉस्पिटल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एसपी सेन ने कहा कि हाईवे में टोल प्लाजा और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

जोगिंदर नगर मेला परिशिष्ट के लिए सभी विज्ञापन दाताओं का आभार भविष्य में भी आपका सहयोग अपेक्षित रहेगा

राकेश संगराय
उपमंडल संवाददाता
जोगिंदर नगर




